

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 228 | ग्वालियर मंगलवार 25 अगस्त 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8



–कांग्रेस के 60 हजार से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने भाजपा ली सदस्यता

# कांग्रेस में सत्य कहने वालों को कहा जाता है गद्दार, ऐसी पथभ्रष्ट कांग्रेस को कोई नहीं बचा सकता: मुख्यमंत्री

**ग्वालियर।** ग्वालियर में सदस्यता अभियान के तीसरे दिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस में सत्य कहने वालों को गद्दार कहा जाता है। महाराज ने सत्य बोला तो उन्हें गद्दार बता दिया। जबकि ज्योतिरादित्य सिंधिया सबसे बड़े खुद्दार हैं। मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी पर भी जमकर हमला बोला। शिवराज ने कहा– कांग्रेस नेताओं ने पत्र लिखा कि पूर्णकालिक अध्यक्ष चाहिए, तो राहुल गांधी कहने लगे कि ये गद्दारी है। सत्य कहने वालों को कांग्रेस में गद्दार कहा जाता है। ऐसी पथभ्रष्ट कांग्रेस को कोई बचा नहीं सकता है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा– प्रदेश के गरीबों के कल्याण और प्रदेश के विकास की जितनी योजनाएं थीं, कांग्रेस ने बंद कर दी थी। गरीबों, किसानों, युवाओं को ठगने वाली कांग्रेस सरकार को प्रदेश की जनता जवाब देगी। कमलनाथ जी से जब भी प्रदेश विकास और जनकल्याण के कार्यों के लिए बात की जाती थी, तो पैसे का रोना रोने लगते थे। प्रदेश का विकास और जनकल्याण ही मेरे जीवन का ध्येय



है। मैं पैसे का रोना नहीं रोऊंगा। सीएम ने कहा– सत्ता के स्वर्ण सिंहासन के लिए हमने सरकार नहीं बनाई है। हमने सरकार प्रदेश के विकास और जनता के कल्याण के लिए बनाई है। प्रदेश की जनता के सुख में ही मेरा सुख है। जनता के कल्याण में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मैं आपसे आग्रह करने आया हूं कि भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाकर जनता के कल्याण और प्रदेश विकास के कार्यों के लिए मार्ग प्रशस्त कीजिए। राहुल भैया ने ऐसे वादे किये कि लोग लट्टू हो गये। किसानों से कह दिया कि दस दिन में कर्जा माफ होगा, नहीं तो मुख्यमंत्री बदल दूंगा। न किसानों का कर्जा माफ हुआ और न युवाओं से किया रोजगार और बेरोजगारी भत्ता देने का वादा पूरा हुआ। हम गरीब परिवारों की बेटियों की शादी के लिए 25 हजार रुपये देते थे। कमलनाथ जी ने कहा कि हम 51 हजार रुपये देंगे। शादी के बाद बेटियां मां बन गई हैं, लेकिन कमलनाथ जी आज तक बेटियों के खाते में कन्यादान की राशि नहीं पहुंचा सके हैं। मेरे भाई–बहनों, मध्यप्रदेश का समुचित विकास और जनता का कल्याण केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। आपसे आग्रह है कि इस बार भाजपा को इतने वोटों से जिताना कि पिछले सभी रिकॉर्ड टूट जायें। भाजपा ने दावा किया है कि ग्वालियर में आयोजित पार्टी के तीन दिवसीय सदस्यता अभियान में 60 हजार कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो चुके हैं। कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि अभी तक 60 हजार कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो चुके हैं। प्रद्युम्न सिंह ने कहा कि जो लोग सदस्यता ले रहे हैं उनकी सभी जानकारी हमारे पास है। सभी लोग अपने-अपने क्षेत्रों के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रहे हैं। दरअसल, आगामी दिनों में प्रदेश में 27 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में 16 सीटें ग्वालियर–चंबल संभाग में हैं। इसलिए यहां सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। भाजपा द्वारा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल किए जाने वाले दावे को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ने फर्जी करार दिया है। उन्होंने कहा है कि जिन लोगों के भाजपा नाम ले रही है, उनसे उनकी बात हुई है। वे लोग ग्वालियर ही नहीं आए और ना ही उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली है।

## नरोत्तम मिश्रा का तंज- कांग्रेस ऐसा स्कूल जहां हेडमास्टर का बच्चा ही करता है टॉप

**भोपाल।** देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस के गिरते जनाधार को लेकर पार्टी में स्थायी अध्यक्ष पद को लेकर चल रही कवायद के बीच आज दिल्ली में पार्टी की वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हो रही है। सोनिया गांधी द्वारा अध्यक्ष का पद छोड़ने, राहुल गांधी के इनकार और गैर–गांधी के इस पद पर आने की चर्चाओं के बीच देशभर की निगाह मामले पर जमी हुई है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक



में राहुल गांधी के पार्टी नेताओं पर बीजेपी से साठ–गांठ के आरोप लगाने के बाद अंदरूनी घमासान मचने की भी खबरें आई हैं। इस बीच मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस पार्टी को लेकर तंज कसा है। मिश्रा ने कहा है कि कांग्रेस एक ऐसा स्कूल है, जहां सिर्फ हेडमास्टर का बेटा ही टॉप करता है। कांग्रेस पार्टी की मीटिंग शुरू होने के कुछ ही देर बाद मीडिया के साथ बातचीत के दौरान शिवराज सरकार के मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने यह कटाक्ष किया। उन्होंने अपने बयान में कांग्रेस में परिवारवाद को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने प्रियंका गांधी के बेटे और बेटी का नाम लेते हुए भी तंज कसा। नरोत्तम मिश्रा ने मामले पर कहा, %कांग्रेस में पार्टी अध्यक्ष पद के कई योग्य उम्मीदवार हैं, जैसे राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, रेहान वाड्रा और मिराया वाड्रा। कांग्रेस के सदस्यों को यह बात समझ लेनी चाहिए कि कांग्रेस एक ऐसा स्कूल है, जहां सिर्फ हेडमास्टर का बेटा ही कक्षा में टॉप करता है।% आपको बता दें कि इससे पहले मध्य प्रदेश के कई नेताओं ने कांग्रेस में अध्यक्ष बनने को लेकर अपने-अपने विचार रखे। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने भी जहां सोनिया गांधी को ही दोबारा अध्यक्ष बनाने के समर्थन में बयान दिया, वहीं पार्टी के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह ने राहुल गांधी के हाथों में दोबारा कमान सौंपने की वकालत की। कमलनाथ ने अपने बयान में कहा कि वे गांधी परिवार के 5 नेताओं के साथ काम कर चुके हैं।

दोनो भतीजियो को छलांग लगाकर पानी से निकाला, एक भतीजी की जान बची, तीनो बेटियो की तलाश जारी

## पिता के सामने दो बेटियो सहित तीन भतीजियाँ पार्वती नदी में डूबी

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के करीब स्थित सीहोर इलाके में सोमवार दोपहर एक पिता के सामने उसकी तीन बेटियां और दो भतीजियां पार्वती नदी में डूब गईं। हादसा होते देख पिता ने तुरंत ही पानी मे छलांग लगाते हुए भाई की दोनो बेटियों को जैसै तैसै पानी के बाहर निकाल लिया, लेकिन उनमें से एक की ही जान बच पाई। वही खबर लिखे जाने तक करीब पांच घंटे बाद भी उनकी खुद की तीनों बेटियों की तलाश की जा रही थी। जानकारी के अनुसार मृतक 17 साल की और नदी मे लापता होने वाली लड़कियां



10 से लेकर 17 साल तक की हैं। हादसे की सूचना मिलने पर भोपाल से राहत और बचाव कार्य के लिए विशेष टीम मौके पर भेजी गई, जो लगातार सर्चिंग कर रही थी। सीहोर पुलिस के आला अफसरो के अनुसार सीहोर के मंडी थाने इलाके मे ग्राम मूंडला स्थित है। यहां पर रेलवे पुल के नीचे से पार्वती नदी बहती है। दोपहर करीब 1 बजे यहाँ गांव में रहने वाले मुबीन खा अपनी तीन बेटियों 10 साल की सानिया, कहकशां और मनसबा के अलावा उनके भाई अंसार मियां की 17 साल की बेटी आबसार और 16 साल की मुनिया के साथ नहाने पहुंचे। रेलवे पुल के नीचे वे बच्चियों के साथ नहाने लगे।

## गहरे कोमा में प्रणब मुखर्जी, हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** देश के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की सेहत में कोई सुधार नहीं दिख रहा वे गहरे कोमा में है। वे अभी भी वेंटिलेटर पर हैं। नई दिल्ली



स्थित सेना के रिसर्च एंड रेफरल अस्पताल की तरफ से आज सुबह पूर्व राष्ट्रपति की सेहत के संबंध में जारी बुलेटिन में कहा गया कि पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी की सेहत में आज सुबह कोई परिवर्तन नजर नहीं आया। वह गहरी कोमा अवस्था में हैं और उनका श्वास संबंधी संक्रमण का उपचार चल रहा है।

## केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की हालत बिगड़ी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान को तबितय बिगड़ने पर दिल्ली के फोर्टिस एस्कॉर्ट



अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें फेफड़ों और किडनी में परेशानी की शिकायत के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 74 वर्षीय रामविलास पासवान को रविवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, फिलहाल उनकी हालत स्थिर बनी हुई है।

## देश में पिछले 24 घंटे में 61 हजार कोरोना के नए केस दर्ज

भारत में कोरोना वायरस का कहर थमता नहीं दिख रहा है। हर दिन औसतन इस महीने में 60 कोरोना के नए केस सामने आ रहे हैं। हालांकि, इस बीच अच्छी बात यही है कि रिकवर होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 61 हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं और 863 लोगों की मौतें हुई हैं। हालांकि,




पिछले 24 घंटे में ही करीब 57 हजार से अधिक कोरोना मरीज रिकवर भी हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश ने पिछले 24 घंटे में 61408 कोरोना के नए मामले दर्ज किए हैं। वहीं इस दौरान कोविड-19 से 836 लोगों की मौतें हुई हैं और 57464 लोगों ने कोरोना को मात भी दी है। इस तरह से देश में कोरोना के कुल मामले 31,06,349 हो गए हैं। इनमें से 23,38,036 लोग डिस्चार्ज हो चुके हैं और अब तक 57,542 लोग मर चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, रविवार को पिछले 24 घंटे के अंतराल में देश में संक्रमण के 69,239 नये मामले आने के साथ कोविड-19 के मामलों की कुल संख्या 30,44,940 तक पहुंच गई।

## दाऊद को सौंपने के लिए कभी राजी नहीं होगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान आतंकवाद पर कार्रवाई की कथित कवायद और दाऊद इब्राहिम के पते को लेकर स्वीकारोक्ति के बाद भी अपना असली रंग नहीं बदलेगा। जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान में दाऊद की मौजूदगी के पुख्ता सबूत भारत ने पहले भी दिए हैं, लेकिन वह दाऊद को सौंपने के लिए राजी नहीं हुआ। उसने कभी ये नहीं स्वीकारा कि दाऊद पाकिस्तान में है। जानकार मानते हैं कि भारत को खुद ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव बढ़ाकर पाकिस्तान को मजबूर करना होगा।

## अवमानना केस में माफी मांगेंगे प्रशांत भूषण

**नई दिल्ली।** कोर्ट की अवमानना मामले में प्रशांत भूषण के पास अपने बयान पर पुनर्विचार करने का आखिरी दिन है। तय हो जाएगा कि वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण सुप्रीम कोर्ट से अवमानना मामले में माफी मांगते हैं या नहीं। दरअसल,



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ता और वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण से कहा था कि वह न्यायालय की अवमानना वाले ट्वीट को लेकर माफी नहीं मांगने वाले अपने बयान पर पुनर्विचार करें और इसके लिए उन्हें दो से तीन दिन का समय दिया गया है। कोर्ट ने 24 अगस्त तक की मोहलत दी थी। सुप्रीम कोर्ट प्रशांत भूषण की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने इस मामले में होने वाली सजा की प्रकृति को किसी अन्य पीठ के पास भेजने की अपील की थी।

सीडब्ल्यूसी में रजामंदी

# सोनिया गांधी फिर एक साल के लिए कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष बनी

**नई दिल्ली।** चिटठी को लेकर कांग्रेस में मचे घमासान के बीच खबर आ रही हैं, कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में फैसला लिया गया है कि, सोनिया गांधी फिलहाल पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष बनी रहेंगी। सीडब्ल्यूसी में फैसले पर रजामंदी हुई है कि सोनिया गांधी एक और साल के लिए पार्टी के अंतरिम अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालती रहेंगी। बता दें कि कांग्रेस में नेतृत्व संकट के बीच सोमवार को कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी ) की बैठक चल रही थी। इस दौरान नेतृत्व के सवाल पर खुलकर बात



हुई। बैठक के दौरान पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा था कि वहां अब आगे पार्टी अध्यक्ष नहीं बने रहना चाहती हैं। लेकिन कई नेताओं ने उन्हें पद पर बने रहने की अपील की थी। गौरतलब है कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में सोनिया गांधी ने अंतरिम अध्यक्ष पद से इस्तीफे की बात कही थी। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी को नया अध्यक्ष चुनने के लिए भी कहा था। हालांकि, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, एके एंटनी समेत कई नेताओं ने सोनिया गांधी से पद पर बने रहने की अपील की थी। जानकारी के मुताबिक सीडब्ल्यूसी की ये बैठक सोनिया गांधी को करीब 2 हफ्ते पहले लिखी गई एक चिट्ठी की प्रतिक्रिया के तौर पर बुलाई गई थी। कम से कम 23 नेताओं जिनमें सीडब्ल्यूसी के सदस्य,यूपीए सरकार में मंत्री रहे नेता और सांसदों ने सोनिया गांधी को संगठन के मसले पर चिट्ठी लिखी थी। चिट्ठी में सशक्त केंद्रीय नेतृत्व के साथ पार्टी को चलाने की सही रणनीति पर जोर दिया गया था। इसमें कहा गया था कि नेतृत्व ऐसा हो जो सक्रिय हो और जमीन पर काम करता दिखे।

ग्वालियर से प्रकाशित
दैनिक पुष्पांजली टुडे
राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप
को
सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है
ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स
मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल
आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।
संपर्क करें
कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560
Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com




## यूको बैंक की बड़ी लापरवाही हुई उजागर

# युवक हुआ ठगी का शिकार खाते से हो गए 90200 रु.पार

**दबोह( अर्पित गुप्ता)।** बैंक एक ऐसी संस्था है जहां आमजनता अत्यधिक भरोसा जताती है पर अगर वहीं आमजनता के साथ लापरवाही बरती जाने लगे तो फिर यह बड़े ही चिंतन का विषय है।दरअसल मामला भिंड जिले के दबोह में संचालित संस्था यूको बैंक का है जहां पर अपने चालू खाते में आधार कार्ड लिंक कराने गए उपभोक्ता का आधार कार्ड शाखा प्रबंधक महोदय की लापरवाही के चलते उसके खाते में किसी और का आधार कार्ड लिंक कर दिया जिसके बाद उपभोक्ता के खाते से 10 टुकड़ो में कुल 90200 की राशि दूसरे व्यक्ति ने निकाल ली। आखिर कैसे हुई 90200 रुपये की राशि पार..?

विस्तार से जानकारी के लिए यहां बता दें कि उपभोक्ता चन्दू वंशकार पुत्र बच्चू निवासी ग्राम बागपुरा विजपुर थाना दबोह का खाता दबोह यूको बैंक में संस्था में है।चन्दू का कहना है कि उसके पास अपने चालू खाते में आधार कार्ड लिंक कराने के लिए दबोह नगर में संचालित यूको बैंक कियोस्क शाखा अमाहा के संचालक के द्वारा तब बोला गया था जब वह लगभग 01 महीने पहले दबोह नगर में संचालित अमाहा कियोस्क पर अपने खाते में जमा राशि निकालने गया था तब कियोस्क संचालक के द्वारा चन्दू से खाते में आधार कार्ड लिंक कराने के लिए कहा गया जिसके बाद चन्दू 31 जुलाई 2020 को कियोस्क संचालक के कहे अनुसार दबोह यूको बैंक ब्रान्च में अपने खाते में आधार कार्ड लिंक कराने के लिए पहुँचा।उसके बाद चन्दू ने यूको बैंक प्रभारी शाखा प्रबंधक वैभव शर्मा को शाखा दबोह पहुँचकर अपने खाते की पासबुक और आधार कार्ड की फ़ोटो कॉपी दिए



जिसके बाद प्रबंधक महोदय ने चन्दू से बोला कि अब तुम जाओ आधार लिंक हो जाएगा।

### कहां कहां से और कब निकाली गई राशि

जानकारी के अनुसार उपभोक्ता चन्दू के खाते से 17 अगस्त 2020 को 200 रुपये,19 अगस्त2020 को 10000 रुपये दबोह नगर में संचालित अमाहा कियोस्क से,20 अगस्त को ऑनलाइन बैंक सेंटर 20000(10000+10000),21 अगस्त को 21 अगस्त को 20000(10000+10000),22 अगस्त को 10000 व 23 अगस्त 2020 को 30000(10000+10000+10000)निकाले गए।यानि की कुल 90200 की राशि निकाली गई।

आख़िर किसने निकाली 90200 रु की राशि

यहां बता दें कि प्राप्त जानकारी के अनुसार व सीसीटीवी फुटेज के अनुसार उपभोक्ता चन्दू वंशकार के खाते से चन्द्रशेखर पुत्र गोविंददास निवासी ग्राम पड़री थाना दबोह जिला भिंड के द्वारा अलग अलग जगहों से टुकड़ो में पैसे निकाले हुये हैं। आखिर किसकी लापरवाही से हुए 90200 पार यहां बताना मनासिब होगा कि दबोह यूको बैंक में वैसे जितनी खामियां गिनाई जाएं कम है क्यों कि यहां अव्यवस्थाओ का अंबार है साथ ही स्टाफ की मनमानी भी जिसके चलते आज इतनी बड़ी लापरवाही बरती गई और एक बड़ी रकम युवक के खाते से निकल गई।दरअसल यूको बैंक में पदस्थ वैभव शर्मा वैसे असिस्टेंट मैनेजर हैं परन्तु मैनेजर की अनुपस्थिति में उनका पदभार वैभव शर्मा सम्भाले हुए थे और इस पूरे घटनाक्रम में उन्ही की लापरवाही उजागर हो रही है क्यों कि उपभोक्ता द्वारा आधार लिंक कराने के लिए जरूरी दस्तावेज अधिकारी महोदय को दिए गए जिसके बाद उन्हें तत्काल सेवा से उपभोक्ता के खाते में आधार लिंक करना चाहिए था परन्तु ऐसा नही हुआ जिसकी वजह से अधिकारी महोदय की लापरवाही के चलते आधार की अदला बदली हुई और दोनो आधार गलत जगह लिंक हो गए।जिसकी वजह से युवक के 90200 रुपये की रकम पर हुई।

### अधिकारियों की लापरवाही के चलते लगभग 4 लाख की राशि का हो सकती थी पार

यहां बताना मुनासिब होगा कि पीड़ित उपभोक्ता के खाते में कुल राशि 3 लाख 70 हजार 256 रु थी जिसमे से दूसरा व्यक्ति फ्रॉड कर खबर लिखे जाने तक 90 हजार 200 रुपये उड़ा चुका था।अगर समय पर पीड़ित हितगग्राही महत्वपूर्ण कदम न उठाता तो युवक के खाते से पूरे 3 लाख 90 हजार की रकम पार हो सकती थी।

#### नगर में कियोस्क सेंटरो पर नही है सीसीटीवी कैमरे

यहां बताना मुनासिब होगा कि जिस तरह से पैसे निकालने की यह वारदात सामने आई है उसे देखते हुए नगर में संचालित यूको बैंक कियोस्क सेंटरो पर सीसीटीवी कैमरों का न होना एक अलग ही ओर इशारा कर रहा है।क्योंकि युवक के साथ जो 90 हजार की ठगी हुई है उसमें युवक के खाते से राशि की निकासी नगर मर संचालित कियोस्क सेंटरो से ही हुई है।जिसमे से एक कियोस्क सेंटर पर तो सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे जिससे फ्रॉड करने वाले युवक की पहचान हो सकी परन्तु नगर में संचालित दूसरे यूको बैंक कियोस्क सेंटर पर कैमरों की भी व्यवस्था नही है जो कि नियमो के खिलाफ हैं।

#### पीड़ित युवक ने दबोह थाने में दिया शिकायती आवेदन

यहां बता दें कि खाते से एक बड़ी रकम निकलने के बाद पीड़ित हितग्राही चन्दू वंशकार ने स्थानीय दबोह थाने में एक शिकायती आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है कि उसके खाते से 90 हजार 200 की राशि किसी के द्वारा निकाली जा रही है जिसमें हितग्राही ने दबोह थाना पुलिस स कार्यवाही की मांग की है।

**इनका कहना**

यूको बैंक में आधार कार्ड लिंक कराने के कुछ दिन बाद ही मेरे खाते से 90 हजार 200 रुपये किसी के द्वारा निकाले गए हैं जिसपर कार्यवाही के लिए मैंने दबोह थाने पर आवेदन दिया है।

**चन्दू वंशकार**
**हितग्राही यूको बैंक**

# सिटी कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी सफलता 24 घंटे के अंदर हत्या का आरोपी किया गिरफ्तार

दतिया / सिटी कोतवाली टीआई धनेंद्र सिंह भदोरिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक जिला दतिया अमन सिंह राठौर द्वारा अपराधियों की रोकथाम अपराधियों की धरपकड़ व गंभीर अपराधों के निराकरण हेतु जारी निर्देशों के पालन मैं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दतिया आर डी प्रजापति एवं एसडीओपी दतिया गीता भारद्वाज के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली टीआई धनेंद्र सिंह भदोरिया के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस ने दिनांक 23.08.2020 को महिला ममता प्रजापति पत्नी मूरत सिंह यादव निवासी शिवनगर कॉलोनी दतिया जो कि जिगना की रहने वाली थी महिला ममता की डेडबॉडी से सेवड़ा



ग्वालियर बाईपास पर मिली थी जिस पर मर्ग कायम कर जांच की गई मृतिका के शरीर पर चोटे होने पर हत्या का आशंका होने पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया दोराने विवेचना मृतिका पति मूरत यादव से शक्ति से पूछताछ की गई आरोपी मूरत सिंह ने बताया कि पत्नी ममता प्रजापति में मुझसे दूसरा विवाह किया था ममता के नाम ही मकान व ऑटो फाइनेंस था जो ममता की मृत्यु के बाद ही मेरे नाम होते जिस कारण मैंने पत्नी ममता की डंडे से मारपीट कर घायल अवस्था में ग्वालियर से सेवड़ा बाईपास रोड पर ऑटो से टक्कर मारी जिससे ममता की मौत हो गई हत्या का आरोपी मूरत यादव पुत्र नाथू यादव उम्र 25 साल निवासी शिवनगर दतिया को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया उक्त कार्यवाही मैं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक धनेंद्र सिंह भदोरिया जय अंबे रविंद्र कुशवाहा दीपेंद्र कुशवाह विजय लोधी धर्म सिंह तोमर आर 316 सोनपाल आर67 मुख्य भूमिका रही

# धार्मिक कार्यक्रम के साथ गणपति बप्पा मोरिया को किया गया विसर्जन

पाली. नरेश कुमार सिरवी. रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत.चाचोडी. धार्मिक कार्यक्रम के साथ गणपति बप्पा मोरिया को पूजा अर्चना करके किया गया विसर्जन. आज धार्मिक कार्यक्रम देव छठ पर्व मेघवाल समाज द्वारा जिले में सभी जगह पर धूमधाम से मनाया जा रहा . राजस्थानी रीति रिवाज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करके देव छठ एवं घरेलू गणपति बप्पा मोरिया का विसर्जन कार्यक्रम जिले के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया. कोविड-19 की भयंकर महामारी को लेकर इस बार सभी बड़े धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन पर लगी रोक के कारण इस बार सरकार द्वारा दी गई गाइडलाइंस के अनुसार धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे .गणपति महोत्सव को लेकर बड़े आयोजन पर लगी रोक को लेकर घरेलू गणपति महोत्सव का आगाज पाली जिले की ग्रामीण क्षेत्रों में



हुआ. जिले में आज धमाकेदार मानसून की वापसी के दौरान गणपति बाबा मोरिया को विसर्जन करने के लिए सभी तालाबों में आया पानी. चाचोडी. मीणा की ढाणियों में विराजमान हुए गणपति बप्पा मोरिया का आज ढोल नगाड़े एवं नाच गानों से गणपति बप्पा मोरिया का गांव का मुख्य गवाही तालाब में किए गए विसर्जन.इस दौरान आज मुख्य पर्व देव छठ का पर्व संपूर्ण मेघवाल समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया सोशल डिस्टेंस एवं सामान्य पूर्वक कार्यक्रम आयोजित करके मेघवाल समाज का पवित्र पर्व धूमधाम से मनाया गया.गणपति विसर्जन के साथ समस्त मेघवाल समाज द्वारा गांव के पहाड़ी क्षेत्र के मध्य भाग में मना नाथ जी महाराज के दरबार में पहुंचकर समस्त मेघवाल समाज द्वारा ध्वजारोहण किया गया. जिसमें नरेश मीणा द्वारा बताया गया . गणपति विसर्जन सोशल डिस्टेंस एवं सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना के अनुसारघरेलू गणपति महोत्सव मनाया गया और आज गणपति बप्पा मोरिया को विसर्जन किया गया. देव छठ का धार्मिक पवित्र पर्व पर आज समस्त मेघवाल समाज द्वारा महत्वपूर्ण लिया गया निर्णय जिसके चलते आज सादगी पूर्वक ढंग से आज पवित्र पर्व मनाया गया . मगराज चौहान लक्ष्मण चौहान सेवानिवृत्त शिक्षा विभाग के अधिकारी धिसु लाल बामणिया आदि सहित अनेक संख्या में मेघवाल समाज के वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया और इसके साथ गणपति बप्पा मोरिया को धूमधाम से किया गया विसर्जन

## दुर्गापुर का मान बढ़ा, बधाइयां मिल रही है लगातार :-

**ब्यूरो चीफ अमन राय**

जैसे ही केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से सूची जारी की गई है जिसमें पश्चिम बंगाल के दो शिक्षकों को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा. पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार की शिक्षिका मिशा घोषाल एवं दुर्गापुर



नेपाली पाड़ा हिंदी हाई स्कूल के शिक्षक डॉक्टर कलीमुल हक को सम्मानित किया जाएगा. 5 सितंबर को देश के राष्ट्रपति यह पुरस्कार प्रदान करेंगे. दुर्गापुर के लोगों में उत्साह देखा जा रहा है दुर्गापुर शहर के नेपाली पाड़ा हिंदी हाई स्कूल के प्राचार्य कलीमुल हक पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा शिक्षा रतन से सम्मानित किया गया था. ज्ञात हो कि डॉ हक 23 अप्रैल 2010 को उन्होंने दुर्गापुर के नेपाली पाड़ा हिंदी हाई स्कूल का प्राचार्य बनाया गया. इस स्कूल से जुड़ने के बाद डॉ हक ने स्कूल को अपनी कार्यशैली से अलग पहचान दिलाई. जिले के गणमान्य एवं बुद्धिजीवी लोगों ने डॉक्टर हक को बधाई दी. वही अजय कुमार केसरी आईआरएस ने भी उन्हें बधाई दी साथ ही दुर्गापुर सम्मान वेलफेयर सोसायटी की ओर से पुर्णेन्दु लायक ने भी बधाई दी. इसके अलावा अधिकारियों,

## अम्बाह पुलिस ने 15 साल से हत्या के प्रयास में फरार 5000/ रु की इनामी आरोपिया को किया गिरफ्तार...



**केशब पीडित जी अम्बाह...**

अम्बाह... पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया द्वारा मुरैना जिले में इनामी फरारी आरोपी की धरपकड़ अभियान चलाये जा रहे है । उक्त अभियान की कड़ी में अति, पुलिस अधीक्षक श्री हंसराज सिह जी तथा अम्बाह एसडीओपी श्री अबनीश बंसल के मार्गदर्शन में थाना अम्बाह के अप,क्र.478/05 धारा - 498ए,326,34 ताहि इजाफा धारा 307 ताहि एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के वांछित फरार आरोपिया रेशो बाई पत्नि बृजराज सिंह तोमर उम 50 साल नि ग्राम रुअर जो घटना बर्ष 2005 से फरार था प्रकरण सदर की आरोपिया द्वारा वर्ष 2005 में अपनी बहू सीता देवी पर दहेज न देने के कारण मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी थी जिससे फरियादिया गंभीर रुप से घायल हे गई थी।जिसे आज दिनाक 24/08/20 को दौराने वारंटी तलास के मुखबिर की सूचना पर ग्राम रुअर से उनि. विवेक तोमर ने मय फोर्स द्वारा ग्राम रूअर से गिरफ्तार किया गया। आरोपिया की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक शैलैन्द्र गोविल, उनि. विवेक तोमर , एएसआई टीडीएस भदोरिया,प्रआर रघुराज तोमर,प्र.आर.अमोल सिंह,आर.महेश शर्मा एमआर. हिगली कन्नोज.की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## आईएएस की फाइनल परीक्षा में 121 वी रेंक हासिल करने वाली बेटी को लोधी समाज के लोगों ने दी बधाई।

**रिपोर्टर खेरागढ़-: राजकुमार राजपूत**



खेरागढ़ की बिटिया नेहा बंधु की यूपीएससी आईएएस की फाइनल परीक्षा में 121 वी रेंक आने पर लोधी समाज खेरागढ़ के लोगो ने नेहा बंधु के घर पहुचकर उन्हें बंधु को व उनकी माता जी को शॉल उड़ाकर बधाई व शुभकामनाएं दी। गोपाल भगत जी ने कहा शुरू से नेहा बंधु के परिवार ने मेहनत की उसी मेहनत का फल आज पूरे परिवार को मिल रहा है। नेहा बंधु के पिता बैंक मैनेजर,व माता जी राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रन्सिपल रही है बहन ज्योतिसना जॉइन मजिस्ट्रेट ओर भाई अमित बंधु भी मुकाम हासिल करने की ओर अग्रसर है। नेहा ओर उनके परिवार को शुभकामनाएं व बधाई दी। उपस्थित–हरेश राजपूत जितेंद्र राजपूत हरिपाल प्रधान जी गोपाल भगत जी नरेश राजपूत अरविंद राजपूत राजकुमार राजपूत डा. विजेंद्र सिंह राजपूत आदि

## गाँव अएला की बैंक में बैंक कर्मचारी उड़ा रहे है लोक डाउन की धज्जिया नही हो रहा सोसल डिसेंसी और मास्क का प्रयोग

**पुष्पांजली टूडे आगरा, राहुल कुमार जिला रिपोर्टर**

गाँव अएला की बैंक में बैंक कर्मचारी उड़ा रहे है लोक डाउन की धज्जिया नही हो रहा सोसल डिसेंसी और मास्क का प्रयोग खेरागढ़ तहसील के गाँव अएला में पंजाब नेशनल बैंक अएला जिला आगरा के अधिकारी नही करते है मास्क का प्रयोग बैंक में बिना मास्क के करते है कार्य , नही होता सोशल डिस्टेंस का पालन आगरा जिले के सबसे बड़े गांव अए

## ओबीसी महासभा शिवपुरी ने जिला कलेक्टर को 27प्रतिशत आरक्षण एवं जातिगत जनगणना को लेकर सौंपा ज्ञापन।

**शिवपुरी।** 27प्रतिशत आरक्षण और जातिगत जनगणना को लेकर ओबीसी महासभा का हल्ला बोल शिवपुरी कलेक्टर को ज्ञापन देकर दी चेतावनी अगर आरक्षण नहीं मिला तो बीजेपी - कांग्रेस के नेताओं को गांव में नहीं घुसने देंगे,यह तो सिर्फ चेतावनी है अगर उपचुनाव से पहले 27प्रतिशत आरक्षण लागू नहीं किया गया तो आने वाले कुछ दिनों में उग्र



आंदोलन किया जाएगा !! हम अपना अधिकार मांगते, नहीं किसी से भीख मांगते हैं ओबीसी एकता जिंदाबाद,एससी एकता जिंदाबाद जय भीम जय भारत जय ओबीसी आदि नारों के साथ कलेक्ट्रेट में ओबीसी महासभा शिवपुरी ने सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने उपस्थित हुए।

# मूर्धन्य पत्रकार बाबा भारतीय की स्मृति में बनेगा ऑडिटोरियम और पत्रकार कालोनी-- विधायक सुदेश राय

**सीहोर** । आज स्थानीय रुकमणी गार्डन के सभागार में कोरोना महामारी के चलते जारी डाउन के कारण मूर्धन्य पत्रकार स्व. अंबादत्त भारतीय की स्मृति में सादा समारोह क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता स्वर्गीय अंबादत्त भारतीय पत्रकारिता संग्रहालय एवम शोध संस्थान के निदेशक और वरिष्ठ पत्रकार श्री रघुवर दयाल गोहिया ने की। देश के चर्चित कहानीकार और युवा ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार श्री पंकज पुरोहित सुबीर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस बार वर्ष 2020 का स्व. अंबादत्त भारतीय स्मृति प्रदेश स्तरीय पत्रकारिता पुरस्कार शुजालपुर के वरिष्ठ पत्रकार पुरुषोत्तम पारवानी और जिला स्तरीय पुरस्कार नगर के पत्रकार एवं लेखक आकाश माथुर को दिया गया। इस मौके पर आयोजन को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि स्व. अंबादत्त भारतीय सीहोर जिले की पत्रकारिता के मूर्धन्य पत्रकार रहे । साथ ही वह अपने ज्ञान और व्यवहार के दम पर पत्रकारों की चलती फिरती पाठशाला के रूप में याद रखें जाएंगे। आज उनकी स्मृति में आयोजित इस समारोह में सम्मिलित होना मेरे लिए गौरव की बात है। पत्रकारों की मांग पर शीघ्र ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर बस स्टैंड स्थित रवींद्र



सांस्कृतिक भवन परिसर में एक अत्याधुनिक सुविधा युक्त विशाल आडिटोरियम का निर्माण करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। साथ ही पिछले दो दशकों से लंबित पत्रकार गृह निर्माण कालोनी को लेकर भी परिणाम तक पहुंचाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने वरिष्ठ साहित्यकार पंकज पुरोहित की मांग पर यह स्वीकारा कि इन दोनों उपक्रम का नाम मूर्धन्य पत्रकार स्व. भारतीय के नाम पर रखे जाने का हमारा प्रयास रहेगा। समारोह को संबोधित करते हुए शिवना प्रकाशन के संचालक और देश के चर्चित कहानीकार पंकज पुरोहित सुबीर ने बाबा भारतीय के साथ अपने पत्रकारिता जीवन से जुड़े कई संस्मरण सुनाए। उन्होंने कहा कि बाबा भारतीय जैसे विद्वान पत्रकार बहुत मुश्किल से पैदा होते हैं। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि प्रदेश स्तरीय पुरस्कार प्राप्त पत्रकार साथी को शिवना प्रकाशन की 31सौ रुपये मूल्य की किताबें और जिला स्तरीय पुरस्कार प्राप्त पत्रकार को शिवना प्रकाशन की 21 सौ रुपये मूल्य की किताबों का सेट संस्थान की ओर से हर वर्ष दिया जाएगा। इससे पहले अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता एवं शोध संस्थान के निदेशक एवं वरिष्ठ पत्रकार तथा आयोजन के संयोजक रघुवर दयाल गोहिया ने इस अवसर पर स्वर्गीय भारती के जीवन से जुड़े कई संस्मरण सुनाते हुए कहा कि सीहोर की धरती का यह सौभाग्य है जहां बाबा भारतीय जैसे लब्ध प्रतिष्ठित पत्रकारों ने अपना पूरा जीवन व्यतीत किया। उन्होंने कहा कि बाबा के अवसान के पश्चात उनकी स्मृति में यह आयोजन लगातार सातवें वर्ष उनकी पुण्य तिथि पर आयोजित किया जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय तथा प्रादेशिक और जिला स्तरीय सम्मान प्रदत्त किया जा रहा है। इस मौके पर श्री गोहिया ने प्रदेश स्तरीय सम्मान प्राप्त शुजालपुर के पत्रकार पुरुषोत्तम पारवानी और जिला स्तरीय पुरस्कार प्राप्त आकाश माथुर के जीवन से जुडी उपलब्धियां प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने स्व. भारतीय के चित्र पर पुष्प अर्पित किये और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही इस मौके पर की उपस्थित सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर अपनी आदरांजली बाबा को समर्पित की।

समारोह के द्वितीय सत्र में बाबा भारतीय से जुड़े प्रमुख लोगों ने अपने संस्मरण सुनाकर उपस्थितों जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन में भाजपा नेता कमलेश कटारे, भाजपा के जिला प्रवक्ता राजकुमार गुप्ता, पूर्व सिविल सर्जन डॉ. गिरीश जोशी, समाजसेवी जगदीश सचदेवा, पत्रकार संतोष सिंह प्रमुख हैं। समारोह का संचालन पत्रकार प्रदीप चौहान ने किया तथा आभार पत्रकार शैलेश तिवारी ने व्यक्त किया। इस मौके पर साहित्यकार रमेश गोहिया, पत्रकार बलजीत ठाकुर, द्वारका बॉसुरिया, पत्रकार जुगल पटेल, अखलेश गुप्ता, विवेक दोहरे, अनिल सक्सेना, एआर शेख मुंशी, अब्दुल रज्जाक शेख, संजीत धुर्वे, सुरेश बाबू राठौर, आशीष गुप्ता, पत्रकार शैलेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. मुरलीधर महेश्वरी, प्रेस फोटोग्राफर संतोष कुशवाहा, सुरेश सोनी, हेमंत कटारे, शुजालपुर के वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक सक्सेना, पत्रकार हिमालय गोहिया, राम सिंह परमार, पन्ना किरार , वीरेंद्र ठाकुर, मुसीब,अमजद आदि उपस्थित थे। अंत में आभार शैलेश तिवारी ने व्यक्त किया।

**मध्यप्रदेश के सीहोर से**
**ब्यूरो चीफ**
**राजा दुबे की रिपोर्ट**

# संबंल योजना को और अधिक प्रभावी और सुगम बनाने के निर्देश

## राज्य के सभी श्रमिकों को मिलेगा रोजगार, श्रम विभाग की समीक्षा श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने की

**भोपाल।** श्राम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रदेश के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए मुख्यमंत्री जनकल्याण संबंल योजना के संचालन एवं क्रियान्वयन को और अधिक प्रभावी और सुगम बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के लिए रोजगार पोर्टल पर सरल हिन्दी भाषा में यूजर मेन्युअल एवं डेमों को दर्शाया जाये। जिससे सामान्य व्यक्ति को भी पंजीयन कराने में कोई कठिनाई न हो। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि रोजगार सेतु पोर्टल की सुविधाओं को एप के माध्यम से प्राप्त करने के लिए एन.आई.सी के सहयोग से सरलीकृत माबईल एप का निर्माण भी किया जाये। मंत्री श्री सिंह ने श्रम विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा बनाये जा रहे उन्नति पोर्टल एवं अन्य राज्यों के पोर्टल का अध्ययन कर



उनके आधार पर मध्यप्रदेश के रोजगार सेतु पोर्टल को अद्यन किया जाये, साथ ही भारत सरकार के उन्नति पोर्टल के साथ एकीकरण किया जाये, जिससे राज्य के प्रवासी श्रमिकों को उन्नति पोर्टल की सेवाओं का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि रोजगार सेतु पोर्टल का प्रचार-प्रसार प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के द्वारा किया जाये, जिससे अधिक से अधिक श्रमिकों को इसका लाभ मिल सकें। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि जानकारी के आभाव में राज्य में वापस आये प्रवासी श्रमिक जो पंजीयन से वंचित रह गए हो, उनके लिए रोजगार और अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए सीमित अवधि के लिए रोजगार सेतु पोर्टल पर पंजीयन करने की सुविधा उपलब्ध करवायी जाये। श्रम विभाग के प्रमुख सचिव श्री उमाकांत उमराव ने बताया कि एक मार्च 2020 के बाद प्रदेश में लौटकर आये प्रवासी श्रमिकों का पंजीयन के लिए 27 मई से 06 जून, 2020 तक अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 7 लाख 30 हजार 311 प्रवासी श्रमिकों का पंजीयन किया गया है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को कार्य की प्रकृति, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, कुशलता के आधार पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाते हैं। कारखानों, वाणिज्यिकर स्थापनाओं, एम.एस.एम.ई, नियोक्ताओं, ठेकेदारों, प्लेसमेंट एजेंसियों, बिल्डरों इत्यादि जिन्हें श्रमिकों की आवश्यकता होती है, उनको पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे श्रमिकों को अपनी योग्यता एवं कुशलता के आधार पर रोजगार प्राप्त होता है। पंजीकृत श्रमिकों को केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में सामाजिक सुरक्षा और हितलाभ प्रदान किया जाता है। समीक्षा बैठक में श्रमायुक्त श्री आशुतोष अवस्थी, वेलफेयर कमिशनर श्री छोटे सिंह, संचालक कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें श्री बी.एल. बंगेरिया और श्रम विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# शिवसेना ने चेतन चौहान की मौत पर शोक जताते हुए सीबीआई जांच की मांग की

जम्मू, 24 अगस्त~ शिवसेना बाला साहेब ठाकरे जम्मू-कश्मीर इकाई ने उत्तर प्रदेश के मंत्री चेतन चौहान की मौत की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की। आज यहां मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए, प्रदेश अध्यक्ष मनीश साहनी ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश के मंत्री चेतन चौहान, की मृत्यु का कारण कोविड 19 संक्रमण से नहीं बल्कि इलाज में लापरवाही के कारण हुई। उन्होंने कहा कि चौहान, जो महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के साथ मिलकर एक ओपनर बल्लेबाज के तौर पर सबसे लंबे समय तक देश की सेवा करते रहे थे। इन्हें कोरोनोवायरस के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद 12 जुलाई को



लखनऊ के संजय गांधी पीजीआई अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चौहान एक महीने से अधिक समय तक खतरनाक संक्रमण से जूझने रहे थे । वह उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल में सैनिक कल्याण, होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा मंत्री थे। साहनी ने अस्पताल में चल रहे इलाज के दौरान चेतन चेतन को न पहचानने के लिए डॉक्टरों को लताड़ लगाई। उन्होंने कहा कि यह कैसे संभव है कि डॉक्टर कैबिनेट मंत्री को नहीं जानते, सरकार से उक्त डॉक्टर पर कार्रवाई करने की भी मांग की गई। साहनी ने कहा, ÷शिवसेना के प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख अनिल सिंह के नेतृत्व में चेतन चौहान की मौत की सीबीआई जांच की मांग करते हुए उत्तर प्रदेश के राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को एक ज्ञापन सौंपा है। साहनी ने कहा कि, राष्ट ने आज न केवल एक बेहतरीन क्रिकेटर के साथ एक महान इंसान भी खो दिया है। इस मौके पर महासचिव विकास बख्शी, कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी गुप्ता और सचिव राज सिंह मौजूद थे।

# छात्रावासों को सेन्टर फॉर एक्सीलेंस के रूप में विकसित कर छात्राओं का करें चहुँमुखी विकास : स्कूल शिक्षा मंत्री परमार



**भोपाल।** कूल शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इन्दर सिंह परमार ने 'प्रज्जवला' के तहत बालिका छात्रावासों एवं कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के स्टाफ का छात्रावास प्रबंधन एवं अकादमिक बिन्दुओं पर ऑनलाइन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। प्रदेश के 52 जिलों के 323 गर्ल्स हॉस्टल्स एवं 48 जिलों के 207 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जायेगा। मंत्री श्री परमार ने कहा कि छात्रावासों को रहने-खाने की सुविधा के स्थान पर %सेन्टर फॉर एक्सीलेंस% के रूप में विकसित किया जाये, जिससे छात्राओं का चहुँमुखी विकास हो। छात्राओं को इक्कीस वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लायक बनाने में यह अत्यन्त आवश्यक है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि कोरोना संकटकाल सभी के लिये चुनौती के साथ ही एक अवसर भी है। यह विपरीत परिस्थितियों में बेहतर तरीके से कार्य करने के लिये अमले को तैयार कर रहा है। इस विकटकाल में विद्यार्थियों तक गुणवत्तायुक्त शिक्षा पहुँचाने के लिये शिक्षा विभाग ने कई नवाचार किये हैं। प्रज्जवला के तहत ऑनलाइन प्रशिक्षण से छात्रावासों में रहने वाली दूरस्थ गाँव की छात्राओं के समग्र विकास में सहायता मिलेगी। यही छात्राएँ आगे जाकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगी। मंत्री श्री परमार ने कहा कि छात्रावासों में अच्छा वातावरण तैयार कर छात्राओं को अनुशासित जीवन, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने जैसी जीवन से जुड़ी कई आवश्यक चीजों से जोड़ा जा सकेगा। प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने कहा कि छात्रावासों में सबसे वंचित वर्गों की बच्चियाँ आती हैं। छात्रावासों की अधिकतर छात्राएँ प्रतिभाशाली होती हैं, इन्हें थोड़ा सहयोग मिले तो ये कई क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी। बेहतर प्रबंधन से हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थी अनुशासित होकर शिक्षा में भी बेहतर प्रदर्शन करते हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं के अकादमिक उन्नयन के लिये स्टाफ को कौशल प्रदान करना है। छात्रावास के विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता से जोड़ने के लिये भी कई गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। स्वच्छता से बेहतर कुछ नहीं। वर्तमान कोरोना संकटकाल में स्वच्छता का महत्व और अधिक बढ़ गया है। स्वच्छता को प्रत्येक बच्चे के दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना होगा। इन बालिकाओं को दया या बेचारगी के भाव से नहीं वरन् सम्मान एवं प्यार से इन सब बातों से जोड़ना होगा।

**बालिका विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रावास स्टाफ का ऑनलाइन प्रशिक्षण**

# चैत्रा गौशाला में गणेश चतुर्थी महोत्सव मनाया

**प्रेस -नारायणलाल सैणचा**

कर्नाटक ~मड्या~ पांडवपुरा तहसील के दोड्डब्याडरहली गांव में स्थित चैत्रा गौशाला में रक्तदान महादान गौभक्त संगठन मैसूरू, के तत्वाधान में गणेश चतुर्थी महोत्सव सादगी पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भामाशाह डॉ.महेंद्रसिंह राजपुरोहित (कालापा), बन्नुर द्वारा गौशाला में मुख्य द्वार भेंट किया गया। जिसका उदघाटन गौभक्त गोपाल भाई माली द्वारा किया गया। एक दिन पूर्व गौशाला परिसर में गणपति मूर्ति की स्थापना हुई। दूसरे दिन



प्रसादी वितरण हुई। इस अवसर पर महाराणा प्रताप राजपूत मंडल मैसूरू के अध्यक्ष पृथ्वीसिंह चांदावत, श्री घांची समाज मैसूरू के पूर्व अध्यक्ष प्रकाशचंद निकुम, क्षत्रिय कुमावत समाज मैसूरू के पूर्व अध्यक्ष बगदाराम कुमावत, ध्यान फाउंडेशन के राम व्यास, अनिल कुमार का संगठन की ओर से सम्मान किया गया। संगठन की ओर से 400 मास्क का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक करमाराम सीरवी, अध्यक्ष देवेन्द्र परिहारिया, उपाध्यक्ष पारसराम बोराणा, महासचिव चिरंजीलाल कुमावत, सचिव विकास राठौड़, सहसचिव प्रकाश राठौड़, संगठन मंत्री गुदडराम काग, कमेटी सदस्य दलपत आगलेचा, सलाहकार दानाराम परिहार, अमराराम काग एवम् महेंद्र चोयल, रघुवीर सिंह, ललिता, रूमा, अरुण, शंकर, सहित गौशाला कर्मचारी, काफी संख्या में महिलाएं बच्चे मौजूद रहे।

# चीत गौ शाला में व्याप्त अनियमिता को लेकर खेरागढ उप जिलाधिकारी को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सौपा ज्ञापन



कागारौल खेरागढ मार्ग स्थित चीत गौ शाला मे गायो की समस्याओ को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने उपजिलाधिकारी अंकुर कौशिक को ज्ञापन सौपा ज्ञापन के माध्यम से बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने ताया कि आये दिन भूख, बीमारी, और दलदल में फँसकर गायों की मौत हो रही है ज्ञापन के माध्यम से बजरंगदल के कार्यकर्ताओ ने उपजिलाधिकारी से गोशाला की व्यवस्था सुधरवाने की मांग की है ज्ञापन देने वालो में जिला गौ रक्षा प्रमुख रामकुमार तौमर,जिला मंत्री अचल रावत, जिला संपर्क प्रमुख सतेन्द्र भारद्वाज, मुनेश चौहान, रिन्कू शर्मा, गौरव शर्मा,हरिओम पचौरी, धर्मेन्द्र सिंह, विनय गर्ग, पवन प्रजापति, बीरेन्द्र सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# पानी की निकासी न होने से नाले में तब्दील हुई सड़क



**दोमाना ।** नगर निगम के वार्ड 65 के गजय सिंह पूरा की गली इन दिनों नाले में तब्दील हो गई है , जिससे बरसात के इस मौसम में गली पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है । यह बातें नगर निगम वार्ड 65 की पार्षद अनीता शर्मा , चमेल सिंह, अनिल सिंह, करनैल सिंह, बलवंत सिंह, विकास कमल और शमस दीन आदि स्थानीय लोगों ने कहीं । लोगों ने बताया कि 300 मीटर लंबी इस गली का निर्माण करने के लिए कई वर्ष पूर्व प्रयास किया गया था। लेकिन आज तक गली किनारे पानी की निकासी के लिए नालियां नहीं बनाई गई हैं । साथ ही जिससे सड़क पर तारकोल भी नहीं बिछाई गई। लोगों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग से इस गली की मरम्मत करने के लिए कहा है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है । इन दिनों गली पर आवागमन करने के लिए काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं । लोगों ने कहा कि 300 मीटर लंबी इस सड़क की जल्द मरम्मत की जाए , जिससे हर दिन गली पर पैदल चलने वाले लोगों को राहत मिले ।

# शहरों में कचरे के निपटान के लिये एक हफ्ते में बनायें ठोस नीति

## नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने दिये निर्देश

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने शहरों के कचरे के निपटान के लिये ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की कार्यवाही की धीमी गति पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सात क्लस्टरों में शामिल 109 नगरीय निकायों के अतिरिक्त अन्य निकायों में कचरे के प्र-संस्करण के लिये एक सप्ताह में ठोस नीति बनायें। आवश्यकतानुसार नगरीय निकायों में छोटे-छोटे ठोस अपशिष्ट प्र-संस्करण प्लांट लगाने पर विचार किया जा सकता है। श्री सिंह ने कहा कि हर हाल में यह सुनिश्चित करें कि शहरों में कचरे के ढेर नहीं दिखें। श्री सिंह ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिये जिन क्लस्टरों का टेंडर हो चुका है, वहाँ पर जल्द कार्यवाही करें। सात क्लस्टरों में से मात्र सागर और कटनी में ही कार्य प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में प्लांट शुरू करने के लिये जरूरी कार्यवाही 7 दिन में करें। श्री सिंह ने कहा कि यदि नगर निगम स्तर पर लापरवाही हो रही है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध



कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि नीमच और खण्डवा क्लस्टर के संबंध में भी एक सप्ताह में निर्णय लें। रीवा का प्लांट डेढ़ माह में चालू करें। अभियान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अभियान में शहरों की रैंकिंग सही तरीके से हो। शहरों से अभियान के संबंध में प्रतिदिन रिपोर्ट लें। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि अमृत योजना के सभी कार्य मार्च-2022 तक पूरा करने के लिये शहर-वार एक्शन प्लान बनायें। इस प्लान की सतत समीक्षा करें। कार्यों का भुगतान भी समय पर करें। उन्होंने कहा कि शहर के अंदर परिवहन के लिये जहाँ पर कार्यवाही समय पर नहीं हो रही है, वहाँ के टेंडर निरस्त करें। श्री सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि अधूरे आवासों का कार्य जल्द पूरा करें। श्री सिंह ने कहा कि जिन शहरों के मास्टर प्लान अभी नहीं बने हैं, उनके मास्टर प्लान बनाने की कार्यवाही जल्द करें। आयुक्त ग्राम एवं नगर निवेश ने बताया कि इंदौर का मास्टर प्लान आगामी 4 माह में तैयार हो जायेगा। श्री सिंह ने शहरों के सम्पत्ति कर के सर्वे का कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगरीय निकायों की अनुपयोगी भूमि के नीलामी के संबंध में कार्यवाही के अधिकार नगरीय निकायों को देने के संबंध में विचार करने के लिये कहा। श्री सिंह ने कहा कि मेट्रो रेल के कम्पनी के गठन की कार्यवाही शीघ्र करें। उन्होंने कहा कि मेट्रो रेल के कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होना चाहिये। बैठक में आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री निकुंज कुमार श्रीवास्तव, आयुक्त ग्राम एवं नगर निवेश श्री अजीत कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

दैनिक पुष्पांजली टुडे



संपादकीए


# कोरोना का खतरा

पूरी दुनिया पर कोरोना वायरस का संकट आज भी बरकरार है। भारत जैसा विकासशील देश भी इससे जूझ रहा है। देश में कोरोना संकट को लेकर 22 मार्च को जनता कर्फ्यू लगाया गया था। यह जनता के लिए जनता का कर्फ्यू था। हालांकि इसके बाद 24 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संपूर्ण लॉकडाउन की घोषणा कर दी थी। आज 24 अगस्त को कोरोना काल के पांच माह पूरे हो गए हैं। इस दौरान देश में संपूर्ण लॉकडाउन से लेकर अनलॉक होने तक कई तरह के बदलाव आए हैं। इन पांच महीनों के दौरान इस महामारी ने लोगों की जिंदगी से लेकर अर्थव्यवस्था तक को बुरी तरह से प्रभावित कर के रख दिया है। बहरहाल, मौजूदा स्थिति की बात करें तो देश में कोरोना वायरस से संक्रमण के करीब 31 लाख मामले सामने आ चुके हैं। इस दौरान 57 हजार से अधिक लोगों की मौत भी हो चुकी है। राहत की बात यह है कि करीब 23 लाख लोगों ने कोरोना को मात भी दी है। अब तक कोरोना के कुल 3.52 करोड़ से ज्यादा टेस्ट हो चुके हैं। देश में कोरोना के मामले 31 लाख के पार हो गए हैं। यह लगातार दूसरी बार है जब मात्र 8 दिन में 5 लाख कोविड-19 मरीज बढ़े हैं। 14 अगस्त को देश में 25 लाख कोरोना मरीज थे और 22 अगस्त को यह संख्या बढ़कर 30 लाख हो गई। इससे पहले 6 अगस्त को 20 लाख मरीज थे। देश में कोरोना संक्रमितों की लगातार बढ़ती तादाद बता रही है कि हम महामारी के संकट से उबरने के बजाय इसमें घिरते जा रहे हैं। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि नए संक्रमितों की संख्या दिनोंदिन बढ़ रही है। एक दिन में 70 हजार मामलों का मिलना कहीं न कहीं इस बात की पुष्टि तो करता है कि कोरोना संक्रमण व्यापक स्तर पर पैर पसार चुका है। ऐसे में आने वाले कुछ दिनों में यह और गंभीर रूप धारण कर ले और संक्रमितों की संख्या एक लाख रोजाना पहुंच जाए, तो हैरानी की बात नहीं। वैसे भी अमेरिका और ब्राजील के बाद भारत दुनिया का तीसरा देश बन चुका है, जहां हालात बेकाबू हैं। हालांकि सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ठीक होने वाले मरीजों की संख्या में भी निरंतर सुधार दिख रहा है और यह सुधार दर सत्तर फीसद के करीब है। मृत्युदर में कमी आई है। लेकिन संक्रमितों की संख्या को बढने् से रोकना कहीं ज्यादा जरूरी है, जिसमें अभी तक हमें कामयाबी नहीं मिली है। जहां तक जांच का दायरा बढ़ाने की बात की बात है, अब आठ लाख से ज्यादा जांच रोजाना हो रही हैं। जांच में सक्रियता का ही नतीजा है कि संक्रमितों का पता लग रहा है। इस बात को लेकर अभी संशय ही बना हुआ है कि क्या भारत में संक्रमण सामुदायिक प्रसार का रूप ले चुका है। विशेषज्ञों में भी इस बात को लेकर सहमति नहीं है। पर नए संक्रमितों की बढ़ती संख्या कहीं न कहीं इस बात की ओर इशारा तो करती है कि भले पूरे देश में नहीं, लेकिन कुछ राज्यों में तो हालात सामुदायिक प्रसार का रूप ले चुके हैं। कोरोना की मार देश के दस राज्यों में ही ज्यादा है, जिनमें महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य शामिल हैं। अभी एक बड़ी चुनौती जांच की विश्वसनीयता को लेकर भी बनी हुई है। ज्यादातर मामलों में देखा जा रहा है कि एंटीजन जांच के सही परिणाम नहीं आ रहे हैं।

# कौन होगा चंबल का एकलौता शेर पार्ट 3

**अजय दुबे**

आज जहां हर तरफ मध्य प्रदेश राजनीति की पराकाष्ठा गिरती जा रही है वहीं 22 अगस्त के सिंधिया दौरे ने कई ऐसे रोचक पहलू को जन्म दे दिया है जो गले नहीं उतरती सिंधिया के प्रथम नगर आगमन राजसभा में जाने के बाद निश्चित ही चर्चा का विषय बन गया है कहने को तो कई कांग्रेसी बीजेपी में शामिल हुए लेकिन कहीं ना कहीं यह एक फर्जी सदस्यता अभियान से ज्यादा कुछ नहीं था आज हमारे अंक चंबल के इकलौते शेयर पार्ट 3 में कुछ ऐसे रोचक पहलू का वर्णन करेंगे जो यह बताएगा कि किस तरह चंबल की राजनीति दिन-ब-दिन बदलती जा रही है चंबल का बब्बर शेर केंद्रीय मंत्री ने जहां मुख्यमंत्री रूपी थाली को पीछे कर दिया था या ऐसा कह सकते हैं की थाली परोसने के बाद परोसी नहीं गई कहीं ना कहीं इस बात को जन्म देती है कि चंबल में कुछ और शेर आ गए हैं जो अपने होने का एहसास करा रहे हमारे सूत्रों के द्वारा प्राप्त जानकारी से एक और संघ प्रमुख का भोपाल दौरा कई प्रश्नों को जन्म दे दिया संघ प्रमुख ने किसी भी बागी विधायको से मिलने की इच्छा जाहिर नहीं की वही चंबल के पुराने शेरों पर भी कहीं ना कहीं लगाम लगाने की तैयारी की जा रही है



एक वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री जिससे पूरा चंबल संभाग चलता है वही आज उनके परिजनों को संभाग के संगठन की भूमिका से दूर रखा गया जिस से कहीं ना कहीं जमीनी नेताओं का विरोधाभास स्वर गूंजने लगे जिस मंत्रिमंडल की कवायद को लेकर चर्चा का विषय बना था मंत्रिमंडल में सिंधिया ने अपने बागी विधायकों को पूर्ण हिस्सेदारी इसका मजबूत प्रमाण है इसे यह कयास लगाई जा रही है कि शायद मध्य प्रदेश की जनता को दो उपमुख्यमंत्री देखने को मिलेंगे लेकिन ग्वालियर से कुछ दूर पितांबरा शक्ति पीठ से एक बड़े ब्राह्मण नेता जो भी कहीं ना कहीं चंबल के साथ आज पूरे मध्यप्रदेश की राजनीतिक गलियारों में अपनी अपनी अहम पेठ बना चुके हैं अपनी चाणक्य बुद्धि से उसको रोक दिया आज अपने बुद्धि बल से पहले 22और फिर 3 विधायक अपने पाले में लाकर आने वाले या कहीं ना कहीं समय-समय पर अपने होने का एहसास कराते रहते है हमारी जानकारी के अनुसार आज इनके भोपाल निज निवास पर कई ऐसे बड़े चेहरे देखे गए जिनका खुले तौर पर उल्लेख करना ठीक नहीं है चंबल की राजनीति में एक नहीं दो नहीं एक और शेर आ गया है एवं समय आने पर ऐसा कुछ करेगा जिसके बाद दूसरों शेरों को चंबल छोड़ना पड़ सकता है यहां ब्राह्मण नेता मछली की आंख पर निशाना लगाकर कर बैठा है एवं समय आने पर उस मछली की आख को की भेदने के लिए तत्पर है अब भविष्य बताएगा कि चंबल के इकलौते शेर कौन होंगे एवं वाह अपनी सल्तनत को कैसे कायम रख पाएगा

## लघुकथा

### आजादी

स्कूल की छुट्टी हो गयी ।सभी बच्चे गेट से बाहर निकलकर अपने-अपने गंतव्य की ओर चल पड़े ।तभी रचित की नजर उस बूढ़ी अम्मा पर पड़ी, जो स्कूल-गेट के सामने एक वृक्ष के नीचे बैठी थी।रचित उसके नजदीक जाकर पूछता है-

÷अम्मा, आप कौन हैं?बारिश में यहाँ क्यों बैठी हैं?÷

÷बेटा,मैं आजादी हूँ ।बूढ़ी हो चली हूँ ।चौहत्तर साल की हो गई हूँ ।मेरी सही देख-भाल नहीं हो रही है।मैं कमजोर होती जा रही हूँ ।सबसे पहले मैं अनुशासन के दरवाजे पर गई थी।वहाँ किसी ने मुझे समझने की कोशिश नहीं की।सभी मेरा अर्थ अनुशासन तोड़ना, मनमानी करना और उच्छृंखलता को ही समझते हैं ।मैं बहुत दुखी हूँ ।आखिर ये लोग अगली पीढ़ी को क्या देंगे? ÷अरे अम्मा, मैं आपकी मदद करूँगा।आज से आपकी देख-भाल की जिम्मेवारी मेरी होगी। ÷,जीते रहो बेटा।अब मुझे विश्वास हो गया कि मैं इतनी जल्दी बूढ़ी होने वाली नहीं हूँ ।जब-तक तुम्हारे जैसा नवनिहाल इस देश में रहेगा ,तो आजादी हमेशा नवयौवना ही रहेगी। तभी मम्मी की आवाज से रचित की आँखें खुल जाती है।वह जल्दी से तैयार होकर स्कूल के झंडोत्सव में शामिल होने निकल पड़ा ।आज उसे ही राष्ट्रीय- गान गाना है।

**स्वरचित**
**पुष्पा पाण्डेय ।**
**राँची , झारखंड 9431708750**

# ट्रम्प ने बढ़ाई हिंदी की ग्लोबल इमेज

भारत और अमेरिकी संबंधों में गुजरात का मोटेरा स्टेडियम नई इबादत लिखेगा। राष्ट्रपति बनने के बाद अपनी पहली यात्रा पर भारत आए दुनिया के सबसे शक्तिशाली शख्सियत डोनाल्ड ट्रम्प बेहद खुश और गौरवान्वित दिखे। लेकिन एक बात जो खुल कर सामने आई है वह है हिंदी की अहमियत को लेकर। मोदी और ट्रम्प की इस जुगलबंदी ने हिंदी का ग्लोबल मान बढ़ाया है। वैसे तो मोटेरा स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम की मूल थीम हिंदी यानी नमस्ते ट्रम्प पर आधारित थी। लेकिन ट्रम्प और मोदी ने लाखों की भीड़ को हिंदी यानी नमस्ते से संबोधित किया। अपनी भारत यात्रा के दौरान ट्रम्प ने तीन बार हिंदी में ट्यूट किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने हिंदी की स्वीकार्यता को निश्चित रुप से बढ़ाया है, यह हर भारतीय और हिंदी प्रेमी के लिए गौरव की बात है। ट्रम्प ने हिंदी फिल्म शोले और शाहरुख का भी जिक्र किया। जबकि देश में हिंदी भाषा की स्वीकार्यता पर संसद से लेकर सड़क तक खूब राजनीति होती है। पूर्वोत्तर भारत में हिंदी और हिंदी भाषियों के साथ क्या सलूक होता है यह बात किसी से छुपी नहीं है। दक्षिण भारत में हिंदी को लेकर क्या स्थिति है सब जानते हैं। गुजरात में हिंदी भाषियों पर किस तरह जानलेवा हमले हुए यह कहने की बात नहीं है। लेकिन ट्रम्प ने उसी गुजरात की धरती से हिंदी को बड़ा सम्मान दिया है। हिंदी को राजभाषा का दर्जा भले मिल गया हो लेकिन राष्ट्रभाषा का सम्मान आज तक नहीं मिल पाया है। सरकारी परीक्षाओं को हिंदी माध्यम से कराने पर भी राजनीति होती है। अंग्रेजी सोच की हिमायती राजनीति हिंदी बोलने में अपना अपमान और शर्म महसूस करती है। अधिकांश राजनेता अपने ट्यूट अंग्रेजी में करते हैं। जबकि अमेरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हिंदुस्तान और हिंदी की अहमियत समझते हुए अपनी भारत यात्रा को हिंदीमय बना दिया। इससे यह साबित होता है कि हिंदी अब बेचारी नहीं बल्कि ग्लोबल धमक वाली हो गई है। अंग्रेजी के हिमायत यह कह सकते हैं कि ट्रम्प ने यह सब अमेरिका में होने वाले आम चुनाव के लिए किया। क्योंकि अमेरिका में भारतीय मूल के 40 लाख लोग रहते हैं। लेकिन आलोचकों को यह सोचना होगा कि दुनिया के सबसे ताकतवर देश के राष्ट्रपति को हिंदी में ट्यूट की क्या जरुरत थी। वह अपनी बात अंग्रेजी में भी कह सकते थे। निश्चित रुप से हिंदी का ग्लोबल मान बढ़ाने में ट्रम्प और मोदी का अहम योगदान है। पहले ट्यूट में उन्होंने लिखा हम भारत आने के लिए तत्पर हैं। हम रास्ते में हैं, कुछ ही घंटों में हम सबसे मिलेंगे। दूसरे और तीसरे ट्यूट में उन्होंने भारत और अमेरिकी संबंधों का जिक्र किया। इसका असर भी अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों पर बेहद गहरा होगा। लोग इस ट्यूट के राजनीति मायने चाहे जो निकालें, लेकिन एक बात सच है कि वैश्विक स्तर पर हिंदी की स्वीकार्यता बढ़ी है। हिंदी में संबोधन किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष की कोई नई पहल नहीं है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा जब 2010 में भारत आए तो उन्होंने भी अपने सत्कार से प्रभावित होकर हिंदी में %बहुत-बहुत धन्यवाद% बोलकर भारत और भारतीयता के प्रति अभार जताया था। जबकि भाषण का अंतिम संबोधन %जयहिंद% से किया था। विदेशी धरती पर सिर्फ हिंदी नहीं उसकी क्षेत्रिय भाषाओं का भी जलवा कायम रहा है। आपको याद होगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब अपनी अमेरिकी यात्रा पर गए थे तो तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने गुजराती भाषा में %केम छो मिस्टर मोदी% से स्वागत किया था।



# नीतीश का बड़ा दांव

बिहार में इस साल के अंत तक विधानसभा का चुनाव होना है। सियासत की जैसी स्थितियां हैं, उन स्थितियों में यह माना जा रहा है कि नीतीश इस बार भी एनडीए गठबंधन के साथ अपनी दावेदारी करेंगे। नीतीश ने इसे लेकर संकेत भी दे दिए हैं और भाजपा खुद भी उनके नाम का समर्थन कर रही है। लेकिन अगर अतीत पर गौर करें तो यह दिखता है कि नीतीश 2015 के चुनाव में आरजेडी के साथ महागठबंधन के नेता के रूप में ही सत्ता में आए थे। इसके बाद परोक्ष रूप से भाजपा ने जेडीयू को समर्थन दिया तो सत्ता के केंद्र में बैठी आरजेडी विपक्षी बन गई। सीएम नीतीश के भाजपा के साथ जाने पर आरजेडी ने उन पर पिछड़ी और दलित बिरादरी के उन वोटरों के साथ धोखाधड़ी का आरोप लगाया, जिसने महागठबंधन को वोट दिया था। भाजपा के समर्थन से दोबारा सीएम बनने के बाद से ही नीतीश पिछड़े वोटरों को खुश करने की तमाम कोशिशों में लगे रहे। हालांकि राजनीतिक जानकार यह मानते हैं कि नीतीश पिछड़े वोटरों के बीच कमजोर नहीं हुए हैं, लेकिन तेजस्वी यादव के बढ़ते प्रभाव के बीच ही नीतीश को जातियों का विश्वासपात्र बनना जरूरी लगा है। इसी बड़ी वजह के आधार में जातिगत जनगणना की पटकथा लिखी गई है। बता दें कि बिहार में गुरुवार को जाति आधारित जनगणना को लेकर विधानसभा में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास कराया गया है। प्रदेश विधानसभा के सभी दलों ने राज्य में साल 2021 में जातीय आधार पर जनगणना कराने को मंजूरी दी है। सरकार के इस फैसले को सत्तापत्र के साथ-साथ विपक्ष के नेताओं का भी पूरा समर्थन मिला है। तमाम राजनीतिक मुद्दों पर एक दूसरे के खिलाफ रहने वाले आरजेडी-जेडीयू इस बार इस मुद्दे पर एक साथ खड़े दिखे हैं।

# पवित्र भारतीय विवाह का अंधकारमय पक्ष



हम शादी के नाम पर होने वाले छोटे-बड़े सौदों की बातें कभी तो बड़ी ही खुशी से तो कभी बहुत ही गुस्?से के साथ व्?यक्?त करते हैं, यह किताब उन पहलुओं पर लिखी गई है, जो हमारी आँखों के सामने होने पर भी हम या तो देखते नहीं हैं, या देखना नहीं चाहते हैं, हम एक पुराने पैटर्न को निभाते चले आते हैं, शादी खुद में ही कई कुरीतियों को समेटे हुए है, और इसका वह पक्ष जो हम अक्?सर नकारते हैं, क्?योंकि हम परेशानियों से या तो भाग जाना चाहते हैं, या स्?वयं को दूसरी दिशा में मोड़ कर खुशी ढूंढ़ना चाहते हैं, हम किसी शादी में बहुत ही खुशी के साथ कुछ खूबसूरत लम्?हें बिता कर आते हैं, नाच-गाना, शोर-शराबा, अच्?छा खाना-पीना यह सब एक शादी में होता है, और उसके बाद जो दो लोग शादी कर चुके हैं, वे कितने दिनों तक खुश हैं या कितने समझौते कर रहे हैं, या हनीमून पीरियड के बाद अब उनके बीच प्?यार और आकर्षण में कितना परिवर्तन आया है, यह सब कौन देखता है? हम पवित्र विवाह के नाम पर होने वाले शोषण, हिंसा, और अन्?य बुराईयों को अक्?सर नहीं देखते हैं, उस पर ही यह किताब है। हम आए दिन किसी ना किसी शादीशुदा महिला के आत्महत्या करने की ख़बरें पढ़ते हैं। अक्सर शादी हो जाने के बाद भी कई महिलाएं और पुरुष एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर्स में उलझ जाते हैं, ऐसे में सात जन्मों का रिश्ता कहे जाने वाले विवाह का कोई मोल नहीं रह जाता। आंकड़े बताते हैं कि शादी के बाद जितनी हिंसा होती है, उतनी शादी से पहले नहीं होती, हम घरेलू हिंसा, दहेज, बहु विवाह, हलाला जैसी कुरीतियों के ख़िलाफ़ जंग लड़ते आये हैं पर ये सभी विवाह के ही यथार्थ पहलु हैं, विवाह को एक अलग और वास्तविक नज़रिये से देखा जाए तो यह कोई व्यवस्था नहीं बल्कि शोषण, भेदभाव, कपट, हिंसा, और दहेज जैसी बुराइयों को संरक्षण देने के लिए ज़्यादा प्रभावी है, बल्कि विवाह को हिस्सों में देखा जाए तो तो शुरू से आखिर तक हर एक हिस्सा शोषण और दवाब से परिपूर्ण है, जैसे लड़की को दिखाना कभी साड़ी में तो कभी सूट में, फिर दहेज़ के सौदे करना लाखों-करोडों में, शादी का अनावश्यक खर्च , और शादी के नाम पर पैसों का लेन-देन, शादी के नाम पर स्थायी कर्मचारिणी बना कर बहू को लाया जाना और उसको आभाष दिलाना कि यही तुम्हारा नैसर्गिक कर्त्तव्य है, और यूं तो प्रेमी-प्रेमिका के मिलने पर लोग उनको गलत बोलते हैं पर अनजान आदमी से शादी हो जाने पर भी उसके साथ तुरंत सुहागरात मनाए जाने को पवित्र बंधन बोला जाता है, और सबसे बड़ी बात इस रिश्ते में शारीरिक संबंध कंसेंट लेकर बनाया गया है या नहीं ये भी कोई नहीं पूछता ना ही कोई आपत्ति लेता है। आजकल ड्डस्न्ह्वद्य-ह्लद्दह्द4 यानि व्यभिचार भी गुनाह नहीं है भले ही यह किसी की आदत में शुमार क्यों ना हो, ऐसे में प्यार, शादी, कमिटमेंट जैसी बातों का कोई मोल नहीं रह जाता है।

लड़की भी इंसान है, उसे चीज मत बनाओ।।
देखने जाने से लेकर मुंह दिखाई तक,
उसको नुमाइश का सामान न बनाओ।।
ड्डद्वड्ड5श्ठ्ठ.ष्ठ्ठ पर किताब ईबुक और पेपरबैक उपलब्ध है।।

**रुचिर जैन(लेखक)**
**दमोह मप्र**

# भारत माता के महान सपूत वीरचंद राघव जी गांधी

भारत के स्वाधीनता आन्दोलन एवं देश की आजादी में अगस्त माह का विशेष महत्व है। 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आन्दोलन का शुभारंभ हुआ। इस अहिंसक आन्दोलन का सुखद परिणाम यह निकला कि हमारा भारत सदियों की गुलामी से मुक्त होकर 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ। यह भी सुखद संयोग है अगस्त माह में ऐसी विभूति ने जन्म लिया, जिन्होंने ने देश और दुनिया में अपने विलक्षण कार्यों से नाम रोशन किया। भारत के एवं जैन समाज के गौरव पुरुष वीरचंद राघव जी गाँधी का जन्म गुजरात में भावनगर के निकट महुआ में 25 अगस्त 1864 को नगर सेठ राघव जी तेजपाल गाँधी के यहाँ हुआ। वे वचपन से ही वहुत प्रतिभाशाली और तीक्ष्ण बुद्धि बाले थे। हाईस्कूल परीक्षा में उन्होंने ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उन्हें श्री जसबंत सिंह स्मृति छात्रवृत्ति भी मिली थी। आपका विवाह सन 1879 में जीवाबेन से हुआ। विवाह के बाद उन्होंने पढ़ाई जारी रखी और पारिवारिक



व्यवसाय से अलग हटकर लॉं की पढ़ाई की और बैरिस्टर के रूप में प्रतिष्ठित हुए। गुजराती, हिन्दी, अंग्रेजी,प्राकृत, संस्कृत, फ्रेंच आदि 14 भाषाओं का उन्हें ज्ञान था। वीरचंद राघव जी गाँधी, स्वामी विवेकानंद और महात्मा गाँधी के समकालीन एवं अभिन्न मित्रों में थे। आप महात्मा गाँधी द्वारा आयोजित शाकाहारी कार्यक्रमों में उत्साह से भाग लेते थे। वीरचंद राघव जी गाँधी का राजनीति व सामाजिक कार्यों में विशेष योगदान रहा। 1895 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के अधिवेशन में उन्होंने ने बम्बई प्रांत का प्रतिनिधित्व किया था। 18 दिसंबर 1898 में विलियम साइंस बिल्डिंग के बड़े हाल में भारतीय राजनीति और इण्डस्ट्री विषय पर उन्होंने ने अपना व्यक्तव्य दिया था जिसकी सर्वत्र सराहना हुई थी। वीरचंद गाँधी ने 1899में एशिया का प्रतिनिधित्व किया था। सन 1893 में शिकागो में आयोजित पहली धर्म संसद में, जिसमें स्वामी विवेकानंद जी विश्व प्रसिद्ध हो गये थे, उसमें वीरचंद राघव जी गाँधी ने जैन धर्म के प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया था जहाँ पर उनके व्यक्तव्य व प्रस्तुति को इतना पसंद किया गया कि बाद में एक के बाद एक उनके अनेक व्यक्तव्य सुने गये। वे दो वर्ष तक अमेरिका में और एक वर्ष इंग्लैंड में रुके। इसके बाद दो बार और विदेश गये। आपने विदेश प्रवास के दौरान अपने व्यक्तव्यों के माध्यम से जैन धर्म का व्यापक प्रचार प्रसार किया। आपने विदेशियों को जैन धर्म की ओर आकर्षित किया। उनके द्वारा दिये गये व्यक्तव्यों के लिये उनको बहुत सारे मेडल, पुरस्कार और सम्मान भी दिये गये। स्वामी विवेकानंद और वीरचंद गाँधी समकालीन थे वे दोनों एक दूसरे का सम्मान करते थे। एक पुरानी कहाबत है पूत के लक्षण पालने में दिख जाते है। इस कहाबत को वीरचंद गाँधी ने चरितार्थ किया।उनकी प्रतिभा का पता तो युवावस्था से ही चलने लगा था। सन 1885 में मात्र 18 वर्ष की आयु में वीरचंद गाँधी 卐 जैन एसोसिएशन ऑफ इण्डिया卐के पहले अवैतनिक मंत्री बने।

# अवैध उत्खनन किसी भी हालत में न हो, इसमें किसी भी प्रकार की ढ़िलाई अक्षम्य होगी -मुख्यमंत्री

**ग्वालियर।** जले हुए एवं खराब ट्रांसफार्मर युद्ध स्तर पर बदले जाएँ। साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि ट्रांसफार्मर पूरी क्षमता के हों, जिससे दुबारा ट्रांसफार्मर फुकने की नौबत न आए। इसमें किसी भी प्रकार की ढ़िलाई बर्दाश्त नहीं होगी। यह निर्देश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को दिए। साथ ही कहा कि बिजली की अनावश्यक कटौती कतई न हो। उन्होंने राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ ग्वालियर एवं चंबल संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विद्युत व्यवस्था, राशन वितरण एवं अन्य जनहितैषी योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी मौजूद थे। रविवार की देर शाम यहाँ व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार में आयोजित हुई बैठक में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जोर देकर कहा कि बिजली के अनाप.शनाप अर्थात गैर वाजिब बिल कदापि न आएं। विद्युत ट्रांसफार्मर बदलने की कार्रवाई पर निगरानी रखने के लिये 'ट्रांसफार्मर रिप्लेसमेंट टीम' गठित की जायेंगीं। उन्होंने ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को ट्रांसफार्मर रिप्लेसमेंट टीम गठित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इस टीम में विधायकगण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण शामिल किए जायेंगे।खराब विद्युत ट्रांसफार्मर की सूची तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जोर देकर कहा कि शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से सभी पात्र उपभोक्ताओं को समय से और पूरा खाद्यान्न मिले। उन्होंने निर्देश दिए कि राशन की कालाबाजारी को सख्ती से रोकें। कालाबाजारी करने वालों को जेल भेजने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने साफ किया कि गरीबों का राशन अन्य कोई खा जाएए यह कदापि बर्दाश्त नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने राशन वितरण में अनियमितताओं संबंधी शिकायतों की जाँच कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। श्री चौहान ने कहा कि आगामी एक सितम्बर से प्रदेश में राशन वितरण के संबंध में विशेष अभियान चलाया जायेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रेत के अवैध उत्खनन को सख्ती से रोकने के निर्देश भी बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि सरकार के खजाने में पैसा जमा करने वाले ठेकेदारों को स्वीकृत जगह पर ही रेत का उत्खनन करने दिया जाए। अवैध उत्खनन किसी भी हालत में न हो। इसमें किसी भी प्रकार की ढ़िलाई अक्षम्य होगी। राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी अधिकारियों से कहा कि अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो। कार्रवाई ऐसी हो, जिससे जनता में साफ संदेश पहुँचे कि सरकार अवैध रेत खनन को रोकने के लिये पूरी तरह कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस के सिद्धांत के आधार पर रेत का अवैध उत्खनन रोकने के लिये कार्रवाई की जाए। ग्वालियर नगर निगम में मंजूर हुए सभी निर्माण कार्यों के टेंडर आदि की कार्रवाई तत्परता से पूरी करें।



## वाहन मालिक को वाहन के रजिस्ट्रेशन के लिये कार्यालय आने की जरूरत नहीं-आरटीओ



ग्वालियर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में कार्य प्रारंभ हो गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ग्वालियर ने बताया कि वाहन का पंजीयन, वाहन विक्रेता द्वारा की गई व्हीआईडी के माध्यम से किया जायेगा। इसके लिये वाहन स्वामी या उसके प्रतिनिधि को कार्यालय में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। डुप्लीकेट पंजीयन प्रमाण.पत्र, अन्य राज्यों से मध्यप्रदेश में लाए गए वाहनों को पंजीयन क्रमांक दिए जाने तथा पंजीयन प्रमाण.पत्र में पता परिवर्तन संबंधी कार्य नहीं किए जायेंगे। लर्निंग लायसेंस, डुप्लीकेट ड्रायविंग लायसेंस, लायसेंस में दर्ज पते में परिवर्तन एवं पुस्तिका के रूप में दिए गए लायसेंस का स्मार्ट कार्ड लायसेंस में परिवर्तन संबंधी कार्य नहीं किया जायेगा। ऐसे आवेदक जिनके लर्निंग लायसेंस की वैधता 30 दिवस के अंदर समाप्त होने वाली है उन्हें ड्रायविंग लायसेंस जारी करने हेतु ड्रायविंग टेस्ट लिया जायेगा। ऐसे ड्रायविंग लायसेंस जिनकी वैधता 30 दिन के अंदर समाप्त होने वाली है उनके नवीनीकरण का कार्य किया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से आवंटित किए गए स्लॉट के अनुसार वाहनों की फिटनेस संबंधी कार्य तथा परमिट संबंधी सभी कार्य किए जायेंगे।

### अनुराग परमार कांग्रेस के जिला महामंत्री मनोनीत

**मुरैना।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष राकेश मावई ने अनुराग परमार अन्नु को जिला कांग्रेस कमेटी का महामंत्री नियुक्त किया है। उक्त निर्णय एम एस रोड स्थित कांग्रेस जिला कार्यालय पर रविवार को आयोजित बैठक के दौरान सर्व सम्मति से लिया गया। परमार इसके पहले कांग्रेस में कई वर्षों से सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनकी इसी कार्य कुशलता को देखते हुए संगठन ने उन्हें ये महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। परमार कांग्रेस के चर्चित युवा चेहरों में से एक है। उनकी गतिविधियां और प्रतिक्रिया पार्टी के हित में ही होती है।

## ग्वालियर की पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता को सीएम शिवराज ने सदस्यता दिलाई



**ग्वालियर।** पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता की घर वापसी हो गई है। सीएम शिवराज सिंह ने बीजेपी में उनका एक बार फिर स्वागत किया है। मुख्यमंत्री शिवराज ने समीक्षा गुप्ता को बीजेपी सदस्यता दिलाई। उनकी घर वापसी पर एक तरह से बीजेपी का सदस्यता अभियान कामयाब होता दिख रहा है। समीक्षा गुप्ता के साथ ही ग्वालियर-चंबल संभाग में 35 हजार से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी छोड बीजेपी में शामिल हो गए है। 2018 के विधानसभा चुनाव में समीक्षा गुप्ता ने ग्वालियर दक्षिण से टिकट की दावेदारी की थी लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया था औन उनकी बजाया भाजपा ने नारायण सिंह कुशवाह को प्रत्याशी बनाया था। टिकट वितरण के बाद ही समीक्षा गुप्ता और उनके पति राजीव गुप्ता ने नाराजगी जताई थी। घर पर जन दरबार लगाकर समीक्षा गुप्ता ने भाजपा से इस्तीफा दिया था। उस वक्त उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया था कि भाजपा में काम करने वालों की नहीं बल्कि गुलामों की जरूरत। उन्होंने ये भी कहा था कि भाजपा में परिवारवाद सबसे ज्यादा है। समीक्षा गुप्ता को लेकर राजनीतिक हलकों में तब चर्चा थी कि वह कांग्रेस में जा सकती है। जब कांग्रेस ने भी इस सीट से नए चेहरे के रूप में प्रवीण पाठक को टिकट दे दिया तो समीक्षा ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में फॉर्म भर दिया था हालांकि उन्हें इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा द्वारा कांग्रेस के 40 हजार कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल किए जाने वाले दावे को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ने फर्जी करार दिया है। उन्होंने कहा है कि जिन लोगों के भाजपा नाम ले रही है, उनसे उनकी बात हुई है। वे लोग ग्वालियर ही नहीं आए और ना ही उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली है। ग्वालियर में तीन से चल रहे सदस्यता अभियान का आज अंतिम दिन है। कार्यक्रम स्थल पर 16 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं को अलग-अलग सदस्यता लेने बुलाया जा रहा है। सोमवार दोपहर तक 11 विधानसभा के करीब 40 हजार कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा की सदस्यता ले चुके हैं। अभी 5 विधानसभा क्षेत्र इस इलाके के बाकी हैं। दावा किया जा रहा है कि यहां के करीब 20 हजार से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ता अभी पार्टी में ओर शामिल हो सकते हैं।

## सिंधिया माफी मांगे, उल्टा चोर कोतवाल को डांटे-कांग्रेस



ग्वालियर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा एवं पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव, मप्र के कार्यकारी अध्यक्ष रामनिवास रावत ने पत्रकारवार्ता में मप्र के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा विगत 3 दिनों से ग्वालियर में कोरोना जैसी महामारी के चलते किए जा रहे महासदस्यता अभियान पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि मप्र शासन के द्वारा बनाए गये नियमों का स्वयं मुख्यमंत्री और उनके अधिनस्थ नेता नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है। आमजनता को कड़ाई से नियम का पालन कराने के नाम पर जहां सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रमो पर तमाम प्रकार के प्रतिबंध लगाकर आमजनमानस पर सख्ती की जा रही है वहीं पिछले 3 दिनों से लगातार सैकड़ों की संख्या में विगत 6 माह में कांग्रेस पार्टी द्वारा ग्वालियर एवं ग्वालियर चंबल संभाग से निकाले गये कांग्रेसजनो को फिर से भाजपा सदस्यता दिलाने के नाम पर झूठी वाहवाही लूटने का प्रयास किया जा रहा है, पूर्व में भी पूरे देश में मिस्ड कॉल से भाजपा की सदस्यता बढ़ाकर इसी प्रकार का झूठा श्रेय लेने का प्रयास किया गया था।

# कोरोना संक्रमण की रोकथाम, प्रस्तावित उप चुनाव पहली प्राथमिकता - कलेक्टर वर्मा



## नवागत कलेक्टर अनुराग वर्मा ने पदभार संभाला

**मुरैना।** नवागत कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने सोमवार को पूर्वान्ह में कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया। श्री वर्मा भारतीय प्रशासनिक सेवा 2012 बैच के अधिकारी हैं। नवागत कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक में खाद्य सुरक्षा आपूर्ति एवं आधार सीडिंग की स्थिति के वारे में चर्चा की । जिले में 31 प्रतिशत फीडिंग पर उन्होने नाराजगी जाहिर की । उन्होंने इस कार्य को तीव्र गति से करने के निर्देश दिये। नवागत कलेक्टर ने कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम और प्रस्तावित विधानसभा उप निर्वाचन 2020 मेरी प्राथमिकता रहेगी। मुरैना जिले की छवि को लोग सकारात्मक दृष्टि के साथ सोचे ऐसे प्रयास किये जायेगे । नव पदस्थ कलेक्टर श्री वर्मा ने मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुये कोरोना के संक्रमण की रोकथाम को अपनी पहली प्राथमिकता बताया। उन्होंने इस दिशा में निवर्तमान कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास के नेतृत्व में अपनाये गये उपायों को निरन्तर जारी रखने की बात कही ।उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण पर जोर देते हुये शहर विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं ग्रामीण क्षेत्र में चलाई जा रही विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली। श्री वर्मा ने बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिये किये गये उपायों पर भी आवश्यक निर्देश दिये । इस मौके पर अपर कलेक्टर श्री एस के मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर श्री एल के पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्री समाधिया, श्री बराहदिया, एसडीएम मुरैना श्री आर एस बाकना, सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

## स्थानांतरित प्रियंका दास को दी भावभीनी विदाई







स्थानांतरित श्रीमती प्रियंकादास को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्ट्रेट परिसर के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर नवागत कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। अधिकारियों ने नवागत कलेक्टर श्री वर्मा को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर श्री एस के मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर श्री एल के पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्री समाधिया, श्री बराहदिया, एसडीएम मुरैना श्री आर एस बाकना, सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। विदा लेते समय निवृत्तमान कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने कहा कि मेरे कार्यकाल में सभी अधिकारी कर्मचारियों ने भरपूर सहयोग दिया। मैंने 26 दिसंबर 2018 को मुरैना में पदभार ग्रहण करने के बाद मेरे सामने लोकसभा जैसा चुनाव चुनौतीपूर्ण था। जो सभी अधिकारी कर्मचारियों के सहयोग से शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इसके साथ ही जिले में अन्य निर्माण विकास कार्य सभी के सहयोग से पूर्ण कराये। उन्होंने कहा कि मुरैना बहुत अच्छी जगह है। मुरैना के लोग सदैव सहयोगात्मक हैं। मैं जहां भी रहूंगी मुरैना के लोग मेरे लिये अवस्मरणीय रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित उप निर्वाचन 2020 के लिये अधिकारी कर्मचारियों ने तैयारियां अभी से अच्छी की हैं। नवागत कलेक्टर श्री वर्मा को उपचुनाव में भरपूर सहयोग अधिकारी कर्मचारी करें। जो सहयोग मुझे दिया था वही सहयोग नवागत कलेक्टर को दें। नवागत कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने कहा कि कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास द्वारा जो भी सराहनीय कार्य किये हैं उसी तर्ज पर मेरे द्वारा भी मुरैना में विकास कार्य कराये जायेंगे। बस सभी अधिकारी कर्मचारियों को सहयोग इसी तर्ज पर मिलता रहे। उन्होंने कहा कि विशेषकर मुरैना की छवि को निखारने का कार्य किया जायेगा। नवागत कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि मुरैना मेरे लिये कोई नया जिला नहीं है। सभी अधूरे निर्माण कार्य पूर्ण कराये जायेंगे। अंत में कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री तरूण भटनागर, एडीएम, एसडीएम ने निवृत्तमान कलेक्टर श्रीमती प्रियंकादास को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



## बॉलीवुड अभिनेत्रियों से कम नहीं हैं क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की मंगेतर धनाश्री वर्मा का स्टाइल

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल की मंगेतर धनाश्री वर्मा एक फेमस यूट्यूबर और कोरियोग्राफर हैं और उनके डांस वीडियोज काफी पसंद किए जाते हैं। उनके वीडियो पर करोड़ों लाइक्स आते हैं। धनाश्री वर्मा का केवल डांस ही नहीं बल्कि स्टाइल भी काफी जुदा है। धनाश्री वर्मा दिखने में काफी शोख हैं और उनका ड्रेसिंग सेन्स भी काफी अच्छा है। धनाश्री वर्मा ने एक तस्वीर में धानी रंग का सलवार सूट कैरी किया है। इस सूट पर आलओवर कढ़ाई है। इस सूट के साथ धनाश्री वर्मा ने एक्वा कलर और गोल्डन कलर की चूड़ियां पहनी हैं। कानों में उन्होंने गोल्डन कलर की डेंगलर्स इयररिंग कैरी किए हैं और बालों को खुले अंदाज में रखा है। बादलों से भरा नीला आसमान और आपका धानी दुपट्टा मौसम के हिसाब से गज़ब का कॉम्बिनेशन होगा। धनाश्री वर्मा ने बेज ग्रे कलर का सीक्विन लहंगा कैरी किया है। लहंगे का ब्लाउज फुल सीक्विन वर्क का है। वहीं लहंगा रफल और फ्रेओच्क स्टाइल में है। लहंगे में भी बहुत लाइट सीक्विन हैं और लहंगे का फैब्रिक शीर है जोकि लहंगे को काफी क्लासी लुक दे रहा है। आप किसी इवनिंग पार्टी या किसी की सगाई में धनाश्री वर्मा का ये लुक कैरी कर सकती हैं। धनाश्री वर्मा ने इस तस्वीर में ब्लैक कलर का डीप नेक क्रॉप टॉप कैरी किया है और सिगरेट पैंट पहनी है। इस ड्रेस को उन्होंने कॉपर ब्राउन सीक्विन जैकेट के साथ स्टाइल किया है। हाथों में उन्होंने गोल्डन वाच कैरी की है और कानों में स्टड्स पहने हैं। इसके साथ ही उन्होंने हल्का मेकअप भी किया है।

## 'मांकड़िंग' से आउट करना पूरी तरह वैध : कार्तिक

**अबुधाबी।** मांकड़िंग को लेकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के कप्तान दिनेश कार्तिक ने कहा है कि महान आलराउंडर वीनू मांकड़ का नाम आउट करने के लिये नकारात्मक तरीके से उपयोग किया जाना गलत है। कार्तिक ने कहा कि मांकड़िंग से आउट करना पूरी तरह से नियमों के अंदर ही है। कार्तिक ने कहा कि इस तरह के आउट को 'मांकड़िंग' नहीं कहा जाना चाहिए क्योंकि आईसीसी और एमसीसी इसे केवल रन आउट मानते हैं। गौरतलब है कि मांकड़ ने साल 1948 के ऑस्ट्रेलिया दौर में बल्लेबाज बिल ब्राउन को नॉन स्ट्राइकर छोर पर गेंद करने से पहले बाहर निकलने के कारण रन आउट कर दिया था। इससे पहले उन्होंने ब्राउन को लगातार चेतावनी दी थी पर वह नहीं माने थे।

## स्टीव स्मिथ ने कहा, मुझे दुख हैं कि स्टेडियम में मजाक उड़ने वाला कोई प्रशंसक नहीं होगा



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम इंग्लैंड के दौरे के लिए रविवार को रवाना हो गई। टीम कोरोना संकट प्रोटोकॉल के अंतर्गत दर्शकों के बिना खाली स्टेडियम में तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। वैश्विक रूप से फैलीमहामारी के बाद वह देश से बाहर जाने वाली पहली आस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय टीम है। आस्ट्रेलिया ने 13 मार्च के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। उनकी न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला भी स्थगित हो गई थी। स्टीव स्मिथ ने कहा कि खेलने के लिए बेताब हैं, भले ही चारों ओर का वातावरण कैसा भी हो। स्मिथ इस बात से भी दुखी थे कि स्टेडियम में इंग्लैंड के प्रशंसकों से भरे नहीं रहने वाले हैं, जिन्होंने बीते समय में उनका हमेशा मजाक उड़ाया था और गेंद से छेड़छाड़ के कारण लगे निलंबन के बाद कुछ ज्यादा ही। स्मिथ ने कहा,मुझे वहां बल्लेबाजी करना पसंद है।उन्होंने कहा,लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि वहां मेरा मजाक उड़ाने और मुझे और अधिक प्रेरित करने के लिए कोई दर्शक नहीं होगा।स्मिथ ने कहा,लेकिन फिर भी टीवी पर काफी प्रशंसकों की निगाहें लगी होंगी और वहां खेल में वापसी करना शानदार होगा।% पिछले साल तब स्मिथ दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के कारण लगे 12 महीने के निलंबन के बाद टेस्ट वापसी में वहां खेले थे तो इंग्लैंड के प्रशंसकों ने उनकी खिल्ली उड़ाई थी। उन्होंने इस प्रतिक्रियाओं से प्रेरणा लेकिर उस साल एशेज श्रृंखला में 110 के औसत से 774 रन बनाए थे।

## खेल ने बदली जिंदगी : सारिका

**औरंगाबाद।** भारतीय महिला खो-खो टीम की पूर्व कप्तान सारिका काले ने कहा है कि खेल से उनकी जिंदगी बदल गयी है। प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार के लिये चयनित सारिका ने कहा है कि जीवन में एक समय ऐसा भी गुजरा है जब उन्हें दिन भर में एक बार ही खाना मिल पाता था। वर्तमान में महाराष्ट्र सरकार में खेल अधिकारी पद पर कार्यरत काले को 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। दक्षिण एशियाई खेल 2016 में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम की कप्तान रही काले ने कहा, ''मुझे भले ही इस साल अर्जुन पुरस्कार के लिये चुना गया है पर मैं उन दिनों को नहीं भूल सकती जब जब मुझे दिन में केवल एक बार भोजन मिल पाता था। '' उन्होंने कहा, ''अपने परिवार की खराब आर्थिक स्थिति के कारण मैं खेल में आयी।'' काले ने कहा, ''उन समय मुझे खाने के लिये दिन में केवल एक बार मिलता था। मुझे तभी खास भोजन मिलता था जब मैं शिविर में जाती थी या किसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये जाती थी।

## जाक क्राउली बेहतरीन खिलाड़ी, उनके मुरीद हुए गांगुली



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने इंग्लैंड के बल्लेबाज जाक क्राउली की प्रशंसा कर इस युवा को 'बेहतरीन खिलाड़ी' करार दिया।जिन्होंने साउथम्पटन में पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 267 रन की शानदार पारी खेली। क्राउली ने अपने आठवें टेस्ट मैच में साथी शतकवीर जोस बटलर (152 रन) के साथ रिकार्ड साझेदारी के दौरान दोहरा शतक जमाया। इससे इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान पर टेस्ट श्रृंखला जीतने के करीब पहुंच गई है। 22 साल के क्राउली की 392 गेंद की पारी ने उन्हें इंग्लैंड के खिलाड़ियों के सर्वकालिक शीर्ष स्कोर में 10वें स्थान पर पहुंचा दिया। गांगुली ने ट्वीट किया,इंग्लैंड को तीसरे नंबर पर क्राउली के रूप में बहुत अच्छा खिलाड़ी मिल गया है।उन्होंने कहा,वह बेहतरीन खिलाड़ी दिखता है। उन्हें नियमित रूप से सभी प्रारूपों में खेलते हुए देखने की उम्मीद करूंगा।बेन स्टोक्स पारिवारिक कारणों से अपने देश लौट गए हैं जिससे उन्हें तीसरे और अंतिम टेस्ट में खेलने का मौका मिला। क्राउली ने भी इस मौके का फायदा उठाकर दोहरे शतक से इंग्लैंड की टीम में तीसरे नंबर के नियमित बल्लेबाज के लिये दावा पेश कर दिया है। उनकी बटलर के साथ पांचवें विकेट के लिये 359 रन की भागीदारी टेस्ट में इंग्लैंड की ओर से रिकार्ड है और यह सर्वश्रेष्ठ साझेदारियों में संयुक्त रूप से छठे स्थान पर है।

## कोरोना महामारी के बाद होगा भूटिया के नाम पर बन रहे स्टेडियम का उद्घाटन : एथेनपा



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा है कि भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया के नाम पर बन रहे 15000 दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम का कोरोना वायरस महामारी संक्रमण कम होने के बाद किया जाएगा। नामची में बना यह स्टेडियम तिनकिताम में भूटिया के जन्मस्थान से 25 किलोमीटर की दूरी पर है। सिक्किम फुटबॉल संघ के अध्यक्ष मेनला एथेनपा ने कहा, ''यह भारत के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलरों में से एक भूटिया के प्रति सम्मान दिखाने का तरीका है। भूटिया देश भर के फुटबॉलरों के लिए एक एक आदर्श है और कई खिलाड़ी उनसे प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा, ''उन्होंने भारतीय फुटबॉल के लिए जो किया है हम उसकी कीमत अदा नहीं कर सकते पर उनके नाम पर स्टेडियम का नाम रखकर हम इस महान फुटबॉलर के प्रति सम्मान दिखाना चाहते हैं। '' यह देश में पहला स्टेडियम होगा जिसका नाम किसी फुटबॉलर के नाम पर रखा जाएगा। वहीं भूटिया ने कहा कि वह इससे काफी सम्मानित महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा, ''मैं काफी सम्मानित और उत्साहित हूं। अगर आप बड़ी तस्वीर देखें तो मैं इसलिए खुश हूं कि उभरते हुए खिलाड़ियों को फुटबॉल खेलने के लिए एक और शीर्ष स्तरीय सुविधा और बुनियादी ढांचा मिलेगा।'

## तो गेंदबाजों को मिले 'फ्री बॉल' : अश्विन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि अगर दूसरी छोर का बल्लेबाज (नॉन स्ट्राइकर) गेंद फेंकने से पहले क्रीज से काफी आगे निकल जाए तो ऐसे में गेंदबाजों के लिए 'फ्री बॉल' जैसे नियम लागू करना चाहिए। वह हालांकि अपने इस रूख पर बने हुए हैं कि ऐसी स्थिति में बल्लेबाज को आउट करना गलत नहीं कहा जा सकता है। अश्विन ने पिछली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में क्रिंग्स इलेवन पंजाब और राजस्थान रॉयल्स के मैच में जोस बटलर को इसी प्रकार आउट किया था जिस पर काफी विवाद भी हुआ था। वहीं अश्विन की आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग ने हाल में कहा था कि वह अश्विन से बात करेंगे और उन्हें बल्लेबाज को इस तरह से रन आउट नहीं करने के लिये कहेंगे।






टोक्यो में जापान की किटागुसी हरूका महिलाओं की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में भाग लेती हुई।

## पेट्रोल की कीमतों में इजाफा



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतें कम हो रही हैं पर देश में पेट्रोल की कीमतें ऊपर जा रही हैं। यहां पेट्रोल के दाम 12 से 13 पैसे तक बढ़े हैं। दिल्ली में पेट्रोल 1.19 रुपये महंगा हुआ है। वहीं डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में 24 अगस्त को पेट्रोल की कीमत 13 पैसे बढ़कर 81.62 रुपये प्रति लीटर पहुंच गयी जबकि डीजल के भाव 73.56 रुपये प्रति लीटर ही बने हुए हैं। मुंबई में भी पेट्रोल के दाम 12 पैसे बढ़कर 88.28 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 80.11 रुपये प्रति लीटर हैं। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 12 पैसे बढ़कर 83.13 रुपये प्रति लीटर पहुंच गए हैं। पर डीजल पहले की ही तरह 77.06 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में भी पेट्रोल के दाम बढ़ गए हैं। पेट्रोल के दाम 12 पैसे बढ़कर 84.64 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं जबकि डीजल कल के भाव 78.86 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से बिक रहा है। बेंगलुरु में भी पेट्रोल की कीमत में बढ़ौतरी जारी है। पेट्रोल की कीमत 13 पैसे बढ़कर 84.27 रुपये प्रति लीटर पहुंच गयी हैं। जबकि डीजल कल के भाव 77.88 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से आज बिक रहा है।

## रेडमी नोट 8 प्रो में जुड़े कई खास फीचर

**नई दिल्ली।** अपने पॉप्युलर स्मार्टफोन रेडमी नोट 8 प्रो के लिए भारत में शियोमी ने एमआईयूआई 12 अपडेट का स्टेबल वर्जन रोलआउट कर दिया है। 641एमबी की साइज वाला यह अपडेट बिल्ड नंबर वर्जन 12.0.1.0 क्यूजीजीआईएनएक्सएम से डिवाइसेज तक पहुंच रहा है। कंपनी ने इस अपडेट के रोल आउट किए जाने की जानकारी अपने एमआईयूआई इंडिया के सोशल मीडिया हैंडल से दी। कंपनी ने इस अपडेट का जो ऑफिशल चेंजलॉग जारी किया है उसके मुताबिक अपडेट में रिफ्रेश लुक वाला बिल्कुल नया फिजिकली बेस्ड ऐनिमेशन इंजन दिया जा रहा है। अपडेट में खास डाइनैमिक विंडो टेक्नॉलजी दी जा रही है जो स्क्रीन के बीच की स्विचिंग को काफी शानदार बना देती है।

## हीरो मोटोकॉर्प ने बढाए 2 स्कूटर्स के दाम

### प्लेजर प्लस और डेस्टीनी 125 स्कूटर हुए महंगे



**नई दिल्ली।** दुपहिया बनाने वाली कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने अपने 2 स्कूटर्स के दाम बढ़ा दिए हैं। हीरो प्लेजर प्लस का बेस मॉडल (शीट मेटल वील्स मॉडल) 500 रुपये महंगा हो गया है और अब इसकी कीमत बढ़कर 56,100 रुपये हो गई है। वहीं, इसके एलॉय वील्स वेरियंट के दाम अब 58,100 रुपये हो गए हैं। यह वेरियंट भी 500 रुपये महंगा हो गया है। ये सारे दिल्ली में एक्स-शोरूम प्राइसेज हैं। पहले भी कंपनी ने मई में इस स्कूटर के दाम 800 रुपये बढ़ाए थे। हालांकि, स्कूटर में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। वहीं, हीरो डेस्टीनी 125 स्कूटर भी 500 रुपये महंगा हो गया है। इस स्कूटर के बेस मॉडल की कीमत अब 65,810 रुपये हो गई है। वहीं, एलॉय वील्स मॉडल की कीमत अब 68,600 रुपये हो गई है। यह दिल्ली में स्कूटर के एक्स-शोरूम प्राइसेज हैं। हालांकि, कंपनी ने दाम बढ़ाने की वजह नहीं बताई है। हीरो प्लेजर प्लस कंपनी का एंट्री-लेवल स्कूटर है और इसे बीएस 6 एमिशन नॉर्म्स के हिसाब से जनवरी में अपडेट किया गया था। वहीं हीरो डेस्टीनी 125 स्कूटर में 125सीसी का इंजन दिया गया है, जो कि 9 बीएचपी का पावर और 10एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करता है। हीरो प्लेजर प्लस स्कूटर 110सीसी इंजन से पावर्ड है, यह 8बीएचपी का पावर और 8.7 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। कंपनी का दावा है कि बीएस6 इंजन वाला प्लेजर प्लस स्कूटर बेहतर एक्सलेरेशन के साथ 10 फीसदी बेहतर फ्यूल इफीशिएंशी देता है। इस स्कूटर के दोनों इंड्स में 10 इंच के वील्स दिए गए हैं। इस स्कूटर में स्टोरेज पॉकेट्स अपफ्रंट के साथ मोबाइल चार्जिंग पोर्ट दिया गया है। साथ ही, साइड स्टैंड इंडीकेटर और बूट लाइट जैसे फीचर भी हैं। बेहतर सेफ्टी और ज्यादा प्रभावी ब्रेकिंग के लिए प्लेजर प्लस स्कूटर में कंबाइंड ब्रेकिंग सिस्टम दिया गया है, जिसे हीरो मोटोकॉर्प ने इंटीग्रेटेड ब्रेकिंग सिस्टम नाम दिया है।

# कांग्रेस ने किया ग्वालियर अंचल से अन्याय, भाजपा सरकार कर रही विकास





**ग्वालियर।** प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले ग्वालियर-चंबल अंचल के साथ कांग्रेस की प्रदेश सरकार ने अन्याय किया। कमलनाथ सरकार ने विकास की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और लंबे समय से की जा रही मांगों को अनसुना कर दिया। 15 महीने बाद प्रदेश में सत्ता में आई भाजपा की सरकार अंचल के लोगों की विकास की आकांक्षाओं को पूरा कर रही है। कई काम स्वीकृत हो चुके हैं, तो कई की प्रक्रिया जारी है। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के अंतिम दिन सोमवार को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्रसिंह तोमर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा और वरिष्ठ नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पार्टी में शामिल हुंए कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच का फर्क समझाया। इस तीन दिवसीय अभियान के दौरान अंचल के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली और उपचुनाव में सभी सीटों पर भाजपा को जिताने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा में शामिल हुए कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक परिवार है,

## पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने नवागत कार्यकर्ताओं को बताया भाजपा-कांग्रेस का फर्क

लेकिन कांग्रेस में एक परिवार ही पूरी कांग्रेस है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में जो व्यक्ति सोनिया गांधी और राहुल गांधी के तलवे चाटे, केवल वही बना रह सकता है, वही वफादार कहलाता है। जो जनता के हित के लिए लड़े, उसे गद्दार घोषित कर दिया जाता है। श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस में उठापटक मची हुई है। गुलाम नबी आजाद, कपिल सिब्बल जैसे 25 बड़े नेताओं ने सोनिया जी को चिट्ठी लिखकर पूर्णकालिक अध्यक्ष की मांग की। राहुल गांधी ने उन नेताओं को गद्दार घोषित करते हुए उन्हें भारतीय जनता पार्टी से मिला हुआ ही बता दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के रहते हुए कांग्रेस के सफाये के लिए भाजपा को कुछ करने की जरूरत ही नही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस में राष्ट्रीय स्तर पर गांधी परिवार का कब्ज़ा है और प्रदेश स्तर पर नाथ परिवार का कब्ज़ा है। श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में ऐसे वादे किये कि लोग लट्टू हो गये। राहुल भैया ने किसानों से कहा कि दस दिन में कर्जा माफ होगा, नहीं तो 11वें दिन मुख्यमंत्री बदल दूंगा। लेकिन 11 महीने बाद भी न किसानों का कर्जा माफ हुआ और न युवाओं को रोजगार या बेरोजगारी भत्ता मिला। कांग्रेस ने हर वर्ग के साथ धोखेबाजी की दग़ाबाज़ी की। उन्होंने कहा कि हमने गोहद के लिए पेयजल योजना स्वीकृत की थी, जिसे कमलनाथ सरकार ने कैंसिल कर दी।

## मप्र में विकास की आशा से बनाई कांग्रेस की सरकार, पर मिली निराशाः सिंधिया

भाजपा में शामिल हुए कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए वरिष्ठ नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि इन सभी लोगों ने अपने दिल से भाजपा का झंडा उठाने और साथ देने का संकल्प लिया है, अब इनके मान-सम्मान की रक्षा पार्टी नेतृत्व की जिम्मेदारी है। श्री सिंधिया ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने में ग्वालियर-चंबल संभाग की बड़ी भूमिका रही। इतिहास में पहली बार इस संभाग की 34 में से 26 सीटें कांग्रेस को मिली। लोगों को उम्मीद थी कि कांग्रेस की सरकार विकास करेगी, क्षेत्र के साथ न्याय किया जाएगा। विकास और संवेदनशीलता की जो लकीर शिवराज जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने खींची थी, उससे बड़ी लकीर कांग्रेस की सरकार खींचेगी। उस सरकार ने लकीर तो खींची, लेकिन वादाखिलाफी और भ्रष्टाचार की। विकास की आस लगाए लोगों को निराशा मिली। श्री सिंधिया ने कहा कि हमने क्षेत्र के लोगों को गोहद में पेयजल योजना का आश्वासन दिया था, लेकिन 15 महीनों में कमलनाथ सरकार सिर्फ पैसों का रोना रोती रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने अवैध उत्खनन बंद कराने का संकल्प लिया था, लेकिन सरकार बनने पर अवैध कारोबार को संरक्षण देने लगे। यहां तक कि सरकार के एक मंत्री को जनता से माफी मांगनी पड़ी। श्री सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने वल्लभ भवन को भ्रष्टाचार का मंदिर बना दिया। शराब माफिया और ट्रांसफर उद्योग खूब फला-फूला। उन्होंने कहा कि कमलनाथ जी ने कभी मुसीबत में किसानों के आंसू नहीं पोंछे, शिवराज जी की सरकार ने आते ही किसानों को मुआवजा दिया। भाजपा की सरकार ने 110 करोड़ की पेयजल योजना और 25 करोड़ की नहर योजना स्वीकृत की।

# मौर छठ पूजा कार्यक्रम में डॉ. सिकरवार ने महिलाओं को मास्क एवं सेनेटाइजर का वितरण किया



**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिश्ठ नेता एवं जन उत्थान न्यास अध्यक्ष डॉ. सतीष सिंह सिकरवार आज सुबह भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कटोराताल पहुॅचे और मौर छठ पूजा कार्यक्रम की तैयारिओं का जायजा लिया और कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अपनी जिम्मेदारिओं का निर्वाहन करने का आव्हान किया। सुबह से ही हजारों की तादाद में कटोराताल पर पूजा करने के लिए महिलाओं ने पहुॅचना षुरू कर दिया। डॉ. सिकरवार ने मौर छठ पूजा कार्यक्रम सम्पन्न कराने के लिए कई समितियां बनाई, जिनका कार्य कटोराताल में पूजा करने आने वाली महिलाओं के बीच षारीरिक दूरी रखना एवं कटोराताल पर साफ-सफाई रखना था। डॉ. सिकरवार ने महिलाओं को मास्क एवं सेनेटाइजर का वितरण किया। डॉ. सिकरवार ने महिलाओं से कहा कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए षारीरिक दूरी का पालन करे। डॉ. सिकरवार एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने षाम तक कटोराताल पर मौर छठ पूजा की कमान संभाली। इस कार्यक्रम में डॉ. सिकरवार के साथ विजय बहादुर त्यागी, सुरेष प्रजापति, रमेष प्रजापति, अंकित कठठ्ल एवं नगर निगम आदि मौजूद थे।

## मप्र डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसियेशन ने मुख्यमंत्री को मांगों का ज्ञापन सौंपा



**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसियेशन के एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रांतीय अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से अपनी प्रमुख मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। एसोसियेशन की प्रमुख मांगों में संविदा उपयंत्रियों को रिक्त पदों पर नियमितिकरण , वर्कचार्ज उपयंत्रियों को नियमित स्थापना में करने, निचले पदों पर कार्यरत कर्मचारी जो डिप्लोमा होल्डर्स है जिनका शासन द्वारा पांच प्रतिशत पद पदोन्नति से भरकर उपयंत्री बनाने की मांग की गई है। इसी के साथ उपयंत्री संवर्ग के वरिष्ठ उपयंत्रियों को 28 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके कार्यपालन यंत्री पद का वेतन मान प्राप्त कर रहे वरिष्ठ उपयंत्रियों को सहायक यंत्रियों को सहायक यंत्री का पदनाम देने की प्रमुख मांग की है जो कि लंबित है। के शीघ्र पूर्ण करने के लिए ज्ञापन सौंपा।

## दो मकानों से नकदी गहने चोरी

**ग्वालियर।** नगर में सक्रिय चोर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो मकानों के ताले चटका कर नकदी गहने से हजारों का माल चोरी कर ले गए पुलिस ने चोरों की तलाश प्रारंभ कर दी है! जानकारी के अनुसार बहोडापुर थाना क्षेत्र के डोगरपुर में रहने वाले गोविंद सिंह के सूने मकान के ताले चटका कर चोरों 30 हजार की नगदी तथा गहने चोरी कर ले गए वहीं झांसी रोड थाना क्षेत्र में स्थित नाका चंद्रवदनी पुल के पास लेने वाले लखन माहौर के मकान में चोर घुस गए और एलईडी तथा नगदी चोरी कर ले गए!

## तमंचे की नोक पर वृद्धा को लूटा

**ग्वालियर।** देहात के आखिरी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक वृद्धा के घर रात को बदमाश घुस आए और तमंचे की नोक पर उससे नकदी तथा किराएदार की पत्नी का मंगलसूत्र लूट कर भाग गए पुलिस ने बदमाशों की तलाश प्रारंभ कर दी है! जानकारी के अनुसार आखिरी कस्बे के भटेरे मोहल्ले में रहने वाली कला देवी पत्नी लक्ष्मण प्रसाद अपने घर में अकेली रहती हैं उनके मकान में एक किराएदार गुलाब सिंह रहते हैं बीती रात कलादेवी घर में सो रही थी तभी छत के रास्ते चार बदमाश आ धमके और कला देवी की कनपटी पर तमंचा लगा दिया और कला देवी के पास रखे ?50000 तथा गहने लूट लिए! वृद्धा के शोर मचाने पर गुलाब सिंह की पत्नी आई तो बदमाश उसका मंगलसूत्र पढ़ कर भाग गए घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर आ गई और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है!









## एफआईआर नहीं हुई तो हाईकोर्ट जायेंगेः मिश्रा

# कांग्रेस ने कोविड लॉक डाउन उल्लंघन पर एफआईआर की मांग उठाई



**ग्वालियर।** प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी ग्वालियर-चम्बल संभाग केके मिश्रा ने आज कांग्रेस नेताओं और वरिष्ठ अभिभाषकों के साथ जाकर थाना पडाव में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र सिंह को ग्वालियर के कलेक्टर और एसपी के खिलाफ चार थाना क्षेत्रों में एफआईआर दर्ज किये जाने बाबत् अलग-अलग आवेदन देकर उनसे पावती भी प्राप्त की। मिश्रा ने कहा कि इन दोनों ही अधिकारियों ने कोविड-19 को लेकर भारत सरकार के गृहमंत्रालय द्वारा 31 अगस्त 2020 तक जारी की गई गाइड लाइन और हर रविवार को होने वाले सख्त लॉकडाउन के परिपालन हेतु तयशुदा नियमों-निर्णयों का भी घोर उल्लंघन कर राजनैतिक दबाब वश भाजपा को लाभ पहुंचाया है मिश्रा आज प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष आरके भारद्वाज , वरिष्ठ अभिभाषक संजय शुक्ला, जिला प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा सहित अन्य कांग्रेसजनों व वरिष्ठ अभिभाषकों के साथ थाना पडाव पहुंचे और वहां मौजूद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र सिंह को थाना पडाव , विश्वविद्यालय, गोले का मंदिर और झांसी रोड में एफआईआर दर्ज करने हेतु अलग-अलग आवेदन सौंपे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्रसिंह से कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारत सरकार की कोविड -19 और अनलॉक-3.0 की 31-08-2020 तक के लिये घोषित और कलेक्टर ग्वालियर के आदेश दिनांक 04-08-2020, अंतर्गत धारा-144 दंप्रसं 1973 के बिंदु क्रमांक 6 में स्पष्टतः उल्लेखित है कि सामाजिक, राजनैतिक, खेलकूद, मनोरंजन, एकेडमिक, सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रम एवं अन्य बडे सम्मेलन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। इसके विपरीत इन नियमों को सख्ती से पालन करने-करवाने वाले जिला और पुलिस प्रशासन के मुखियाओं ने ही इन आदेशों की खुलेआम धज्जियां उडाकर भाजपा के तीन दिवसीय सदस्यता अभियान को सफल बनाने हेतु नियम विरूद्ध जाकर समुचित सहयोग भी प्रदान किया हैं। नेताओं ने कहा कि गृहमंत्रालय की गाइड लाइन 31 अगस्त 2020 तक जारी है किंतु कलेक्टर ग्वालियर ने जारी अपने आदेश में उक्त अवधि को कम कर 14 अगस्तए 2020 तक कर दिया ताकि 22-24 अगस्त में भाजपा का तीन दिवसीय आयोजन संपन्न हो सकेए जिससे कलेक्टर की मंशा पूरी तरह स्पष्ट हो रही हो रही है। लिहाजा, नियम का पालन करवाने वाले मुखिया द्वारा ही नियम विरूद्ध कार्य को ही अंजाम दिया जाना एक अक्षम्य अपराध है।


## छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.

( Min. size 5×9 )

कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज

12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क: बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

## प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे

E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com

Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

Pro- Bipin Singh Tomar

9301759475 9713253992

Mail-Vipintomar172@gmail.com

## Somya Advertise & Marketing Service

Boost Your Business In Lockdow

Promote Your Business & Generate Leads

- Bulk Sms & Voice call Marketing
- Bulk Whatsapp Sender
- Digital Marketing
- Door To Door Marketing
- Flex And Pritning & Printing Media
- E. media, FM Redio

Add- Radha Krishna Plaza Near By Police Choki Sabji Mandi Pinto Park Gwalior (M.P.)



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478